

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | सोमवार, 13 जनवरी 2025 | वर्ष: 02, अंक: 329, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## यूपी और भारत को जानने का अवसर है प्रयागराज महाकुम्भ: योगी

### गोरखपुर महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह में बोले मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ देश और दुनिया के लोगों को उत्तर प्रदेश और भारत को जानने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस भव्य और दिव्य आयोजन में भारत की आध्यात्मिक विरासत को संतों के माध्यम से जानने और देखने का अद्भुत अनुभव भी मिलेगा। इस बार प्रयागराज में महाकुम्भ का आयोजन इसलिए भी विशिष्ट है कि इसका शुभ मुहूर्त 144 वर्षों के बाद आया है। महाकुम्भ का आयोजन अद्भुत उत्साह के साथ हो रहा है।

सीएम योगी रविवार अपराह्न गोरखपुर महोत्सव 2025 के औपचारिक समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 दिन का भव्य आयोजन सोमवार से शुरू हो रहा है। 40 करोड़ आबादी महाकुम्भ में आएगी। 40 करोड़ की आबादी दुनिया के अंदर भारत और चीन के अलावा किसी भी देश में नहीं है। मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी के संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। सीएम ने कहा कि पहली बार महाकुम्भ को लेकर अक्षयवट कॉरिडोर, मां सरस्वती, बड़े हनुमान मंदिर, महर्षि व्यास और भगवान राम और निषादराज कॉरिडोर बन गया है। यहां नागवासुकी और द्वादश ज्योतिर्लिंग और चार धाम की यात्रा का आनंद विप्रिका के माध्यम श्रद्धालु कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि महाकुम्भ का आयोजन 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में हो रहा है। शुक्रवार की रात तक ही 35 लाख श्रद्धालु पहुंच गए थे। उन्होंने जनमानस से अपील की कि मकर संक्रांति पर बाबा गोरखनाथ में खिचड़ी चढ़ाइए और फिर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को समझने के लिए महाकुम्भ जरूर जाइए। उन्होंने कहा कि कि 29 जनवरी को 144 वर्ष बाद विशिष्ट संयोग बन रहा है, जब भगवान सूर्य मकर राशि में होंगे। बृहस्पति वृष राशि में होंगे। विशिष्ट मुहूर्त पर प्रयागराज में मौनी अमावस्या स्नान का शुभारम्भ होगा।





### लोक गाथा और लोक परम्परा राष्ट्र की संजीवनी

**सीएम** योगी ने कहा कि यह याद रखना होगा कि संस्कृति के अभाव में कोई राष्ट्र लम्बे समय तक अपनी जीवन गाथा को आगे नही बढ़ा सकता। लोक गाथा, लोक परम्परा राष्ट्र की संजीवनी होती है। लोक परम्परा, लोक गाथाओं, लोक गायन, लोक कलाकारों को इस प्रकार के कार्यक्रम और महोत्सव के माध्यम से एक प्लेटफार्म प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय नौजवानों, कलाकारों, कलाकृतियों, किसानों और उद्यमियों तथा समाज के लिए कुछ योगदान किया है उनको प्रोत्साहित करना, उनको मंच उपलब्ध कराना, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इस दृष्टिकोण से गोरखपुर महोत्सव नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गोरखपुर महोत्सव के विविध आयामों की सराहना करते हुए सीएम ने कहा कि टेराकोटा, शहद उत्पादन को देखना है तो महोत्सव में जरूर आइए। नेशनल बुक फेयर का आयोजन पहली बार इतने बड़े स्तर पर किया गया है। युवा किताबों को जरूर खरीदें और अपने दोस्तों को गिफ्ट करें।



### दो पारंपरिक बंगाली संस्कृति खतरे में है: शुभेंदु अधिकारी

**हावड़ा**

स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस देशभर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रविवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने हावड़ा में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में भाग लिया। इस मौके पर आसनसोल के विधायक जीतेन्द्र तिवारी भी थे।

हावड़ा में समारोह के दौरान उन्होंने बांग्लादेश में हो रहे आंदोलन एवं खून-खराबे पर कहा कि स्वामी विवेकानंद ने हिंदू समाज को जागृत किया और कहा कि सनातन का कोई विकल्प नहीं है। आज वही सनातन खतरे में है। एक तरफ बांग्लादेश में आंदोलन एवं खून-खराबे हो रहे हैं तो दूसरी तरफ बंगाल खतरे में है। विपक्ष नेता ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के पारंपरिक लोगों को पांच सौ से हजार रुपये में बेच दिया गया है। शुभेंदु ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इसके अलावा मेदिनीपुर में गलत सलाइन के कारण हुई प्रसूता कि मौत मामले में की प्रवर्तन निदेशालय से जांच की मांग की।

### मुख्यमंत्री ने चल रही विकासात्मक योजनाओं की बैठक की

**पटना**

प्रगति यात्रा के दूसरे चरण के दौरान आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधुबनी जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें।

### धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और साहित्यिक विरासत से समृद्ध है गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और साहित्यिक विरासत से समृद्ध है। गोरखपुर नाम से ही पता लग जाता है कि महायोगी भगवान गोरखनाथ की पावन साधना स्थली भी है। गोरखपुर भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक परम्परा की एक महत्वपूर्ण भूमि है। गीता प्रेस के माध्यम से भारत की धार्मिक साहित्य का एक प्रमुख केन्द्र भी है। गोरखपुर के पास ही कुशीनगर भगवान बुद्ध की महानिर्वाण स्थली तथा सूफी संत कबीरदास की महानिर्वाण निर्वाण स्थली मगहर भी है।

अपनी लेखनी के माध्यम से कथा सम्राट के रूप में विख्यात मुंशी प्रेमचंद ने गोरखपुर को अपनी कर्मस्थली बनाया था। गोरखपुर फिराक गोरखपुर की जन्मभूमि है तो वैश्विक मंच पर भारत की आध्यात्मिक विरासत को स्थापित करने वाले योगानंद परमहंस ने भी इसी गोरखपुर में जन्म लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिश हुकूमत की चूलों को हिलाने वाले शहीद बंधु सिंह की जन्म और कर्म भूमि भी गोरखपुर है। इसी गोरखपुर की जेल में काकोरी ट्रेन एक्शन के नायक अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम प्रसाद विस्मिल को फांसी की सजा दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विरासत से सम्पन्न गोरखपुर आज विकास के भी नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। सरकार विकास करा रही है, उस विकास की यात्रा के साथ सहभागी बनना हम सबका दायित्व बनता है।






# सीएचसी केंद्र सराय अकिल का डीएम ने किया निरीक्षण, एक चिकित्साधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने रविवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी राम लोलारख द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने एवं ड्यूटी में अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए।



इसी प्रकार जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत टी०बी० मरीजो के इलाज के सम्बन्ध में एक्स-रे कक्ष का निरीक्षण किया, जिसमें तैनात एक्स-रे तकनीशियन जय पाल सिंह बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा वहां उपस्थित स्टाफ से पूछने पर बताया गया कि ये हमेशा अपनी ड्यूटी से नदारत रहते है, जिससे टी०बी० व अन्य मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बार-बार निर्देशित करने के बाद भी इनकी कार्य शैली में कोई सुधार नहीं हो रहा है।

जिलाधिकारी ने लैब टेक्नीशियन द्वारा शासन की योजनाओं की अवहेलना करने एवं अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए।

## जनपद के बॉर्डर पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग अभियान







**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी । महाकुम्?भ-2025 के दृष्टिगत जनपद कौशाम्बी में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभि**यान के क्रम में रविवार को एएसपी राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा व सीओ कौशांबी अभिषेक सिंह द्वारा थाना,महेवा घाट, सैनी अंतर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग की गई तथा कनवार अन्तर्जनपदीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग का निरीक्षण किया गया साथ ही ड्यूटी में मौजूद पुलिस बल, अर्ध सैनिक बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखने हेतु बताया गया।

## डीएम ने फार्मर जनसेवा केन्द्र, पंचायत घोषिया एवं खोपा का निरीक्षण कर लिया जायजा



**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जिलाधिकारी** मधुसूदन हुल्गी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री योजनान्तर्गत सी0एस0सी0 जनसेवा केन्द्र-आदर्श तिराहा सराय अकिल, ग्राम पंचायत घोषिया एवं ग्राम पंचायत खोपा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन सेवा केंद्र संचालकों को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री जनहित व शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिन्दुओं में से एक हैं, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होने जनसेवा केन्द्र संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री ऑनलाइन के कार्यों को पूरी जिम्मेदारीपूर्वक किया जाय। फार्मर रजिस्ट्री योजना किसानों से सम्बन्धित समस्त लाभ दिये जानें के लिए महत्वपूर्ण योजना है, किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री के अन्तर्गत अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करवायें।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने रैन बसेरा सराय अकिल एवं अधिशासी अधिकारी कार्यालय सराय अकिल का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया किया।

रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, बेड, तकिया बिस्तर एवं कम्बल सहित अन्य सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित पाई गई। उन्होंने ई0ओ0 को निर्देशित किया रैन बसेरों में रूकने वाले असहाय मजबूर निराश्रितों एवं बाहर से आने वाले आगंतुकों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। रैन बसेरों में सभी आवश्यक तैयारियां चुस्त दुरुस्त बनाए रखी जाय।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चायल योगेश कुमार गौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सकाढा तिराहा पर पुलिस सहायता केन्द्र का पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी। प्रयागराज के** महाकुंभ को देखते हुए कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा तिराहा पर रविवार को पुलिस सहायता केन्द्र का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने किया पुलिस सहायता केंद्र चौकी में सीसीटीवी कैमरा व वायरलेस भी लगाया गया जिससे आपातकालीन स्थिति से निपटने में मदद मिल सके और ठंड को देखते हुए अलाव की ब्यवस्था की गई है पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तत्काल एक चौकी प्रभारी की नियुक्ति भी कर दिया गया है कोहरा और बढ़ते ठंड को देखते हुए पुलिस महकमें की ओर से आम जनता को राहत देने के मकसद से पुलिस सहायता केंद्र में अलाव की भी व्यवस्था कराई गई है इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह,सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा नगरपालिका ईओ प्रभारी निरीक्षक कोखराज ब्रजभूषण मौर्य , थानाध्यक्ष संदीपन घाट ब्रजेन्द्र सिंह आदि लोगों की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ

## क्रिकेट आज विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल हो गया है- रावत





**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। क्रिकेट आज विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल हो गया है इसमें युवाओं का बेहतर भविष्य** देखा जा रहा है। उक्त बाते रविवार को फूलपुर क्षेत्र के राम अवतार यादव इंटर मीडिएट कॉलेज कोड़ापुर के मैदान में वार्षिक बाल क्रिकेट टूनार्मेंट का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी पत्रकार संघ अध्यक्ष फूलपुर प्रधानपति कोड़ापुर मौजी लाल रावत ने कही। उन्होंने कहा कि गांवों में प्रतिभावों की कमी नहीं है जरूरत है प्रतिभावो को सही मंच के माध्यम से आगे बढ़ाने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य सत्यनारण ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को हमेशा मैत्री भाव के साथ खेलभावना की स्पर्धा के साथ खेलना चाहिए जिससे आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इसके पूर्व उक्त क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल 6टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें पहला मैच बी आर आंबेडकर और प्रतिभा पाटिल के बीच हुआ जिसमें टास जीतकर बी आर आंबेडकर की ने पहले बल्ले बाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवरों में कुल 36 रन बनाए जवाब में प्रतिभा पाटिल की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10 रनों से मैच जीत लिया उक्त टीम के खिलाड़ी अनुराग का शानदार प्रदर्शन रहा। बारिश के चलते अगला मैच सोमवार को होगा। उक्त मैच के निर्णायक एम्पायर के रूप में विकास और अनिल रहा तथा कमेंटेटर के रूप में बेहतर कमेंट्री प्रियांशु साहू रहे। मौके पर भाजपा नेता चंचल पांडेय विद्यालय के प्रबंधक शिवमूर्ति यादव,प्रधानाचार्य रामसूरत यादव,व्यवस्थापक आनंद सिंह यादव के साथ ही बड़ी संख्या में खिलाड़ी और दर्शक मौजूद रहे।

# 4 किलो अवैध गांजा के साथ एक सप्लायर गिरफ्तार

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। एसपी** बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस उ०नि० अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर निमार्णाधीन पुल वहद ग्राम तिलैया टिकूर चौराहा के पास से अभियुक्त रामविशाल पुत्र स्व० रामसजीवन निवासी ग्राम संझिया थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को 04 किलो 640 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।



## जुआ खेलते हुए 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जपनद** में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ०नि० बलराम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर 05 अभियुक्तो ऋषभ केशरवानी पुत्र पप्पू केशरवानी . रवि अग्रहरी पुत्र अशोक अग्रहरी . शंकर लाल पुत्र मैकू लाल निवासीगण फकीराबाद थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी . मोहित निषाद पुत्र धर्मवीर निषाद . अंकुश दिवाकर पुत्र बेनीलाल निवासीगण भगौतीगंज थाना सरायअकिल जनपद कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 1650/- रुपया व जामा तलाशी 500/-रूपया व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ।

## फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग /फ्रिस्किंग की गई व यात्रियों व जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस** फतेहपुर धवल जायसवाल के निदेर्शानुसार महाकुंभ मेले को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस , जीआरपी, एलआईयू, व आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग /फ्रिस्किंग की गई व यात्रियों व जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

## कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त राजन उर्फ पवन उर्फ राहुल मौर्य पुत्र राजेन्द्र प्रकाश मौर्य निवासी पटेल नगर थाना कोतवाली नगर फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

प्र०नि० तारकेश्वर राय थाना कोतवाली नगर. उ0नि0 धीरज कुमार जायसवाल. उ०नि० राधेश्याम राय. का० मंगल सिंह।

## एक परिवार साथ रहने हेतु किया गया राजी




**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। पुलिस अधी**क्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में रविवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 1 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा 15 दिन बाद दम्पति की कुशल क्षेम पूछने हेतु पुनः बुलाया गया है।

## दो तस्कर गिरफ्तार, लाखों रुपए की स्मैक व मारफीन बरामद





**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर थाना सतरिख और रामसनेही घाट** पुलिस ने लाखों की स्मैक व मारफीन बरामद करते हुए दो तस्कर को गिरफ्तार किए।

ना सतरिख पुलिस टीम द्वारा रविवार को अभियुक्त सुकेश चौहान पुत्र दुर्वेन्द्र कुमार निवासी ग्राम महम्दाबाद थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को नानमऊ नहर पुलिया हैदरगढ़ मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 305 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया।

थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा देर रात को अभियुक्त मैकू पुत्र राममनोहर निवासी ग्राम दाऊ का पुरवा मजरे बहगेला थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को मेडुवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 261 ग्राम अवैध मारफीन बरामद किया

## अज्ञात वाहन की टक्कर से चाचा की मौत,भतीजा गंभीर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। सैनी थाना** क्षेत्र के ससुर खदेरी नदी पुल महराजा ढाबा के पास बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

घटनाक्रम के मुताबिक विजयी पुर खागा फतेहपुर निवासी नीरज कैथल उम्र करीब 32 वर्ष पुत्र स्व रामराज,विमलेश उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र कमलेश एक बाइक में सवार होकर प्रयागराज से घर जा रहे थे सैनी कोतवाली के ससुर खदेरी नदी पुल के पास स्थित महाराजा ढाबा के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर साइकिल सवार से भिड़ गए और सड़क पर गिर गए तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए ।अज्ञात वाहन बाइक सवारों को रौंद दिया जिससे नीरज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।विमलेश जख्मी हो गया।इस दौरान साइकिल सवार और अज्ञात वाहन फरार हो गए।सूचना पर पहुंची सैनी कोतवाली पुलिस ने परिजनों को खबर करते हुए घायल विमलेश को एंबुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है ।शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज विधिक कार्रवाई में जुट गई है।बाइक सवार चाचा भतीजे बताए जाते हैं।

## महिलाओं को 112 व 1076 के बारे में किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## रामसनेहीघाट पुलिस द्वारा 2 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी की बैट्री, नकदी आदि सामान बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी । जनपद** में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से 2 शातिर चोरों कुलदीप . सुनील पुत्रगण पुत्र केशव राम निवासीगण ग्राम चतुरा बेहढ़ थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर को ग्राम बनी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से चोरी की एक अदद बैट्री, 600/-रुपये नकद, एक अदद बटुआ, एक अदद थारा, एक अदद लोटा बरामद किया गया। अभियुक्त कुलदीप उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा .312 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

पूछताछ से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण रिश्ते में सगे भाई हैं तथा गांव-कस्बों में रेकी करने के पश्चात चिन्हित घर में चोरी की घटना कारित करते हैं। अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 31.12.2024 को ग्राम अलादातपुर में एक ट्यूबेल का ताला तोड़कर बैट्री चोरी की गयी थी, दिनांक 11.01.2025 को ग्राम इब्राहिमाबाद में एक घर से कुछ बर्तन व नगदी तथा थाना टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम जदवापुर में एक घर से ताला तोड़कर बैट्री व दूध केन चोरी की गयी थी ।

## संदीपन घाट पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** कप्तान बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर संदीप पालघाट पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना संदीपनघाट के हर्ययापुर चौकी प्रभारी शिवशंकर पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त लालजी पुत्र विन्देश्वरी प्रसाद यादव नि० हर्रायपुर आलमचन्द्र थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई. चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 126 वाहनों का ई-चालान किया गया एवं 08 वाहनों को सीज किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना पिपरी से 01 थाना सराय अकिल से 02, थाना मो०पुर पंइसा से 01 थाना कडाधाम से 01) कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

# महाकुंभ मेला क्षेत्र में 'कलाग्राम' का लोकार्पण



**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुम्भ नगर। केंद्रीय** संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने महाकुंभ मेले के नागवासुकी क्षेत्र में सेक्टर 7 स्थित 10 एकड़ से अधिक क्षेत्र में बने भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के केंद्र 'कलाग्राम' का लोकार्पण और उद्घाटन किया।

इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विविधताओं का ऐसा उत्सव है, जो पूरे विश्व को भारत की समृद्ध विरासत और एकता का परिचय कराता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की शक्ति, क्षमता और भव्यता को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करेगा। श्री शेखावत ने कहा कि कुंभ दुनिया के सबसे बड़े मेलों में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्णिमा के साथ इस दिव्य समागम का शुभारंभ होगा। उन्होंने कहा कि विविधता से भरे भारत के एकता के प्रतीक कुंभ में पूरे भारत का विराट स्वरूप दिखाई देगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संस्कृति मंत्रालय ने कुंभ को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। इस बार 15 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक कुंभ देखने आएंगे। इन विदेशी मेहमानों के लिए पर्यटन मंत्रालय ने एक टेंट सिटी तैयार की है, जिसमें आयुर्वेद, योग और पंचकर्म जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। श्री शेखावत ने कहा कि कलाग्राम महाकुंभ 2025 का एक मुख्य आकर्षण होगा, जहां चार धामों का मंच प्रदर्शन, 12 ज्योतिलिंगों का भव्य प्रवेश द्वार, अविरल शाश्वत कुंभ प्रदर्शनी, 7 क्षेत्रीय संस्कृति आंगन में सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि अनुभूति मंडपम का गहन अनुभव, 230 से अधिक मास्टर कारीगरों द्वारा भारत की शिल्प कला को प्रदर्शित करेगा। देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक भोजन स्टॉल्स के माध्यम से भारतीय व्यंजनों का स्वाद, 14,630 से अधिक सांस्कृतिक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियां और विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में सहभागिता का अवसर मिलेगा। कलाग्राम में देश भर के कोने-कोने से आए कलाकारों, शिल्पकारों एवं कलाविदों को उनकी असाधारण प्रतिभा एवं चिरकालिक परम्पराओं को प्रदर्शित करने के लिए एक ही छत के नीचे लाने का प्रयास किया गया है, जहां प्रदर्शन, दृश्य एवं साहित्यिक कलाओं के लिए एक ही स्थान पर मंच प्रदान किया गया है। कलाग्राम का उद्देश्य भारतीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को जीवंत मंच प्रदान करना है। कलाग्राम मंच, चार धाम को अपनी पृष्ठभूमि के रूप में जीवन्त करता है। इसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकारों द्वारा निर्मित दो विशाल पट्टचित्र माँ दुर्गा एवं गणपति की कथा का वर्णन किया गया है। कलाग्राम में समूचे भारत की कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी, इसके लिए कलाग्राम, गंगा पण्डाल, झूसी, नागावासुकी एवं अरेल में विभिन्न मंचों पर 45 दिनों के लिए 14,632 कलाकार, संगीत नाटक अकादमी, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों एवं सीसीआरटी द्वारा आयोजित प्रस्तुतियों में, प्रत्येक दिन पद्म एवं एसएनए पुरस्कार विजेता दिग्गजों से लेकर उदीयमान युवा प्रतिभाओं, लोक नर्तकों की रंगारंग मण्डली, भावपूर्ण शास्त्रीय शैली एवं मनोरंजक सेलिब्रिटी प्रदर्शन, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा मंचित नाट्य प्रदर्शन दर्शकों को मुग्ध करेंगे। कलाग्राम में कार्यक्रम पूर्वाहन 11:00 बजे से सायं 7:30 बजे तक तथा अन्य पण्डालों में सायं 4:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक होगा। सांस्कृतिक महाकुंभ के तहत स्थानीय उत्पादों को बढावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों से आए 84 शिल्पकार एवं 14 व्यंजनकार अपने-अपने स्टाल लगाएंगें। एनसीजेडसीसी, प्रयागराज से 14 शिल्पकार एवं 7 व्यंजनकार अपने स्टाल लगाएंगे। गंगा पंडाल में होंगे स्टार कलाकार- त्रिवेणी मार्ग पर बने गंगा पंडाल में 31 स्टार कलाकारों का जमावड़ा होगा जो अपने प्रस्तुतियों से दर्शकों को आनंदित करेंगे। मुंबई, मणिपुर, दिल्ली, भुनेश्वर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पं बंगाल, हैदराबाद, कोलाकाता आदि विभिन्न राज्यों से कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देगें।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कुंभ को दिव्य और भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है : गजेंद्र सिंह शेखावत

### 15 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक कुंभ देखने आएंगे : गजेंद्र सिंह

सबसे तेज प्रयागराज

महाकुम्भ नगर।केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज महाकुंभ मेले के नागवासुकी क्षेत्र में सेक्टर 7 स्थित 10 एकड़ से अधिक क्षेत्र में पर बने भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के केंद्र 'कलाग्राम' का लोकार्पण और उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विविधताओं का ऐसा उत्सव है, जो पूरे विश्व को भारत की समृद्ध विरासत और एकता का परिचय कराता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की शक्ति, क्षमता और भव्यता को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करेगा। श्री शेखावत ने कहा कि कुंभ दुनिया के सबसे बड़े मेलों में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्णिमा के साथ इस दिव्य समागम का शुभारंभ होगा। उन्होंने कहा कि विविधता से भरे भारत के एकता के प्रतीक कुंभ में पूरे भारत का विराट स्वरूप दिखाई देगा।

**वैश्विक पहचान के प्रयास**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संस्कृति मंत्रालय ने कुंभ को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। इस बार 15 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक कुंभ देखने आएंगे। इन विदेशी मेहमानों के लिए पर्यटन मंत्रालय ने एक टेंट सिटी तैयार की है, जिसमें आयुर्वेद, योग और पंचकर्म जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि कलाग्राम महाकुंभ 2025 का एक मुख्य आकर्षण होगा, जहां चार धामों का मंच प्रदर्शन, 12 ज्योतिलिंगों का भव्य प्रवेश द्वार, अविरल शाश्वत कुंभ प्रदर्शनी, 7 क्षेत्रीय संस्कृति आंगन में सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि अनुभूति मंडपम का गहन अनुभव, 230 से अधिक मास्टर कारीगरों द्वारा भारत की शिल्प कला को प्रदर्शित करेगा। श्री शेखावत ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक भोजन स्टॉल्स के माध्यम से भारतीय व्यंजनों का स्वाद, 14,630 से अधिक सांस्कृतिक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियां और विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में सहभागिता का अवसर मिलेगा।

**मीडिया और मार्गदर्शन**

केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से आग्रह किया कि वे कुंभ के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता को विश्व के सामने प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की 10 क्षेत्रीय भाषाओं में मार्गदर्शन के लिए टोल फ्री नंबर 1800111363 शुरू किया गया है।

**पर्यटन को प्रोत्साहन**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुंभ में आने वाले श्रद्धालु अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे स्थलों की यात्रा कर सकें, इसके लिए ' हवाई यात्राओं की व्यवस्था की गई है।

## 1296 रुपये में हेलीकॉप्टर जॉयराइड का लुत्फ

### देश के जाने माने 5250 कलाकार विभिन्न मंचों पर देंगे प्रस्तुति

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महा**कुम्भ-2025 में हेलीकाप्टर जॉयराइड करने वालों को 1296 रुपए प्रति व्यक्ति किराया देना होगा। पहले यह किराया 3000 रुपए प्रति व्यक्ति निर्धारित था। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह जॉयराइड 07 से 08 मिनट तक की होगी। 13 जनवरी से डिजिटली इसका शुभारम्भ किया जायेगा। पर्यटक एवं श्रद्धालु 07 से 08 मिनट में आसमान की ऊंचाई से महाकुम्भ क्षेत्र का विहंगम दृश्य देख सकेंगे। हेलीकाप्टर जॉयराइड के लिए ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से की जा सकती है। यह सुविधा भारत सरकार के उपक्रम पवनहंस द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। मौसम साफ रहने पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की उपलब्धता को देखते हुए हेलीकाप्टर लगातार पर्यटकों को आसमान से प्रयागराज का विलक्षण दृश्य दिखायेगा। इसके अलावा योगी सरकार द्वारा पर्यटन और संस्कृति विभाग द्वारा वाटर स्पोर्टस एवं एडवेंचर स्पोर्टस में रूचि रखने वाले पर्यटकों को रोमांचकारी अनुभव देने के लिए तैयारी की गयी है। इसके लिए महाकुम्भ मेला क्षेत्र में चिह्नित स्थानों पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

**24 से होगा ड्रोन शो -**

24 से 26 जनवरी तक ड्रोन शो होगा। इसके अलावा वॉटर लेजर शो समेत अन्य गतिविधियां भी होंगी। देश के जाने माने 5250 कलाकार विभिन्न मंचों पर प्रस्तुति देंगे। प्रयागराज में स्थापित विभिन्न मंचों से देश के जाने माने कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुति भी देगे। इसके अलावा लेजर शो, ड्रोन शो एवं यूपी दिवस से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। महाकुम्भ के गंगा पंडाल पर 16 जनवरी से बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन शुभारंभ करेंगे। समापन प्रस्तुति 24 फरवरी 2025 को मोहित चौहान देंगे।

***देश के दिग्गज कलाकार होंगे शामिल***

16 जनवरी को शंकर महादेवन व रविशंकर, 17 जनवरी को महेश काले व विश्व मोहन भट्ट, 18 जनवरी को पार्वती बाउल व विनायक तोरवी, 19 जनवरी को सौनक चट्टोपाध्याय व उल्हास काशालकर, 20 को रामचंद्र व कुमार विश्वास, 21 को कुमार विश्वास व रोनू मजूमदार, 22 को प्रतिभा सिंह बघेल व कुमार विश्वास, 24 को पुरु दधीच, 25 को रवि त्रिपाठी व शोवाना नारायण, 26 जनवरी को साधना सरगम व दीपिका रेड्डी, 27 को मालिनी अवस्थी, 31 को हेमामालिनी व रजनी-गायत्री, 7 फरवरी को डोना गांगुली व योगेश गंधर्व, 8 को कविता कृष्णमूर्ति, डॉ. एल सुब्रमण्यम, 9 फरवरी को सुरेश वाडेकर व सोनल मान सिंह, 10 फरवरी को हरिहरन, 14 फरवरी को नवदीप वडाली व बनाश्री राव, 15 फरवरी को देवमित्रा सेनगुप्ता व रंजना गौहर, 17 फरवरी को नितिन मुकेश व अनिठा गुहा, 21 फ?वरी को कविता सेठ व उमा माहेश्वरी, 23 फ?वरी को कैलाश खेर व शर्मिला विश्वास, 24 फरवरी को मोहित चौहान समेत कई नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी आशु काव्य लेखन प्रतियोगिता संपन्न

लुंबिनी। विश्व भर विविध कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास से विश्व हिंदी दिवस मनाया गया है। विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर नेपाल में कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा ऑनलाइन अन्तरराष्ट्रीय हिंदी आशु काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर हिंदी दिवस मनाया गया।

देवनागरी लिपि के सरंक्षण तथा भाषिक मैत्री विकास के उद्देश्य से आयोजित कविता प्रतियोगिता में नेपाल, भारत, ऑस्ट्रेलिया, कुवैत तथा अमेरिका से 478 हिंदी रचनाकारों ने प्रतियोगिता में उपस्थिति दर्ज की थी। जिसमें से उत्कृष्टता के आधार पर सुनील कुमार "खुराना" का चयन कर [ हिंदी आशु काव्य श्री सम्मान ] से सम्मानित किया गया है। अग्रज तथा नवोदित रचनाकारों की लेखनी को सम्मानित करने के लिए शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल वर्षों से विविध आयोजन करती आई है। कविता प्रतियोगिता में प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने कहा - " हिंदी अब मात्र भारत की भाषा नहीं रही है बल्कि इसका विस्तार इतना अधिक हो चुका है कि अब हिंदी भाषा विश्व भाषा बन चुकी है। भाषाओं के बोलने पर विभेद की जरूरत नहीं। समय बदल चुका है।

## दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। डीसीपी यमुनानगर विवे**क चंद के निर्देश पर मांडा पुलिस वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक मांडा शैलेंद्र सिंह के निर्देश पर चौकी प्रभारी भारतगंज विनय कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग के दौरान दहेज हत्या में वांछित/नामजद आनन्द यादव पुत्र रमाशंकर यादव नि0 सिरोमनपुर, वार्ड नं0-5 भारतगंज थाना माण्डा प्रयागराज को ग्राम सिरोमनपुर थाना माण्डा प्रयागराज से गिरफ्तार कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष रवाना किया गया ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

वादी मुकदमा विपिन कुमार पुत्र शिवलाल नि0 ग्राम बबुरा थाना करछना प्रयागराज द्वारा सूचना दी गयी की उसकी बहन सोनम यादव के ससुरालीजन द्वारा दहेज में रुपये व मोटरसाइकिल ना दिये जाने पर दिनांक 09.01.2025 को सोनम यादव की मारपीट कर हत्या कर दी गयी है।

## आचार्य सौम्य जी की भागवद् कथा आज से

### पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज की भागवद् कथा 27 से

### चरखी दादरी आश्रम में जलपान, विशाल भण्डारा आज से

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। महाकुंभ** नगर के हरिश्चंद्र मार्ग पर चरखी दादरी आश्रम हरियाणा का शिविर लगा हुआ है। शिविर में कानपुर के आचार्य सौम्य जी महराज की श्रीमदभागवद् कथा पौष पूर्णिमा 13 जनवरी को दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक होगी। कथा की पूणार्हुति 19 जनवरी को होगी। अमेठी के आचार्य सुभाष जी महराज की श्रीमद्भागवद् कथा 20 जनवरी से 26 जनवरी तक होगी। चरखी दादरी आश्रम हरियाणा के पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज की श्रीमद्भागवद कथा 27 जनवरी से दो फरवरी तक होगी। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर एक बजे से पांच बजे तक होगी।



पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज ने बताया कि पौष पूर्णिमा से लेकर माघी पूर्णिमा तक प्रतिदिन सुबह पांच बजे से शिविर में चाय, नाश्ता, दोपहर और शाम को विशाल अन्नक्षेत्र चलेगा जबकि दोपहर में भागवत कथा होगी। पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज ने बताया कि सनातन धर्म का सबसे विशाल महाकुंभ मेला तीर्थराज प्रयागराज में कल पौष पूर्णिमा से शुरू हो रहा है ऐसे में अधिक से अधिक सनातनी महाकुंभ में पहुंचकर गंगा, संगम में डुबकी लगा कर अक्षय पुण्य प्राप्त करें।

## एआई युग में शिक्षा और चुनौतियां पर संपन्न हुई कार्यशाला

**जहानागंज।** क्षेत्र के धनहुंआ स्थित एसकेडी विद्या मन्दिर में शनिवार को अर्टिफिसियल इंटेलिजेंस युग में शिक्षा और चुनौतियां विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित शिक्षकों की विभिन्न जिज्ञासाओं को प्रशिक्षिका द्वारा तार्किक ढंग से शान्त किया गया और तकनीक के इस दौर में अपने को अपडेट करने का टिप्स भी दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के व्यवस्थापक श्रीकान्त सिंह द्वारा मां पश्चात कार्यशाला में उपस्थित देश की जानी मानी शिक्षाविद् एवं प्रशिक्षिका श्वेता गुप्ता ने उन समस्याओं पर चर्चा किया।

## किसान नेताओं का धरना चौथे दिन भी जारी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। किसान** नेताओं का धरना क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को लेकर रविवार को सहसों ब्लॉक प्रांगण में चौथे दिन भी जारी रहा। परंतु ना तो कोई जिम्मेदार अधिकारी ना ही बीडीओ सहसों ब्लॉक धरना स्थल पर नहीं पहुंचे ना ही किसान नेताओं की सुधि लेते हुए उनका मांग पत्र स्वीकार करने कोई जिम्मेदार अधिकारी पहुंचे जिससे किसानों में गहरी नाराजगी रही। महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा एवं उपाध्यक्ष उषा यादव के नेतृत्व में लगातार चौथे दिन भी धरना चालू रहा। पैंतालिस ग्राम सभाओं की समस्याओं का निस्तारण जब तक नहीं होगा तब तक धरना अनवरत चलता रहेगा। देवनहरी के पाल बस्ती में तिवारीपुर जाते समय रास्ते में पानी भरा रहता है। पाली ग्राम सभा में नाली विधवा वृद्धा विकलांग पेंशन आदि नहीं बने संबंधी समस्याओं पर धरना दिया जा रहा है। जिसमें सहसों ब्लॉक अध्यक्ष जियालाल अशोक मिश्रा गंगापार अध्यक्ष अनवर अली फारूकी सैदाबाद ब्लॉक उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल राम आधार गयादीन पटेल पाली के अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा सलाहकार आदि मौजूद रहे।

## मौसम ने ली अंगड़ाई बूंदा बांदी से बढ़ी परेशानी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार रविवार सुबह से ही आसमान बादलों से** भर गया। कभी पछुआ तो कभी पुरवइया हवाओं ने घने बादलों को लाकर पूरे जनपद में बादलों का शामियाना लगा दिया। दोपहर बाद फूलपुर क्षेत्र के कई गांवों लिलहट कोडापुर मैलहन खंसार अगहुआ मेहंदीपुर सहित पूरे क्षेत्र में घने बादलों का डेरा लग गया और बूंदा बांदी शुरू हो गई। जिससे जनजीवन पर ठंडी हवाओं और बूंदा बांदी से प्रतिकूल असर पड़ रहा। छोटे बच्चों मवेशियों पक्षियों को भीगने से बीमार होने की आशंका प्रबल है दो से तीन दिनों तक धूप निकलने से लोगो को काफी राहत रही लेकिन अचानक मौसम में परिवर्तन होने से ठंड बढ़ गई जिसके चलते अधिकांस लोगो का जीवन अस्त व्यस्त हो गया।

## एसएसपी रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन व खुसरोबाग का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एंव तैयारियों का लिया जायजा





सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज अभिषेक यादव द्वारा रेलवे स्टेशन प्रयागराज जंक्शन व खुसरोबाग का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एंव तैयारियों का जायजा लेते हुए प्रयागराज जंक्शन के प्रवेश/निकास द्वार, सकुर्लेटिंग एरिया, वाच टावर, प्लेटफार्म, एफओबी व खुशरोबाग स्थित होल्डिंग एरिया आदि स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर लगी ड्यूटियों की चेंकिग की गई व सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ में जीआरपी/पीएसी/आरपीएफ/सीएपीएफ/रेलवे विभाग के अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

## डीसीपी ने प्रमुख चौराहों, डायवर्जन व बैरियर प्वाइंट्स पर ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल को चेक किया









**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । महाकुम्भ**-2025 के दिव्य, भव्य, सकुशल एवं सुरक्षित आयोजन तथा पौष पूर्णिमा/मकर संक्रान्ति स्नान पर्व के दृष्टिगत रविवार को पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती द्वारा भ्रमणशील रहकर नगर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, प्रमुख डायवर्जन प्वाइंट्स व बैरियर प्वाइंट्स पर ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल को चेक किया गया तथा सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान महाकुंभ मेला-नगर जोन में नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक तथा पुलिस/ट्रैफिक के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।*

## नो इंट्री प्वाइंट पर वाहनों की चेकिंग





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। कुंभ** मेले के दृष्टिगत ज़िले की सीमा नो इंट्री प्वाइंट थाना क्षेत्र नवाबगंज में एसीपी कुंभ व प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अनिल कुमार मिश्रा की उपस्थिति में सुरक्षा के दृष्टिगत आने वाले वाहनों व व्यक्तियों की सघन चेकिंग कराकर सीमा में प्रवेश कराया जा रहा है।

## संपादक की कलम से

# स्वामी विवेकानंद : तेजस्वी भारत के स्वप्नद्रष्टा

संन्यास और वैराग्य जैसे शब्द अक्सर दीन-दुनिया से दूर आत्मान्वेषण और परमार्थ की दिशा में गहन और नितांत निजी यात्रा से जोड़ कर देखा जाता है। मुक्ति की अभिलाषा स्वाभाविक रूप से मनुष्य को अंतर्यात्रा की ओर ही आगे ले जाती है। लोक-जीवन की परम्परा में भी आत्मबोध के लिए उत्सुकता को इसी छवि में देखने की प्रथा है। इस आम धारणा के विरुद्ध उन्नीसवीं सदी के अंत में जब भारत अंग्रेजों के नियंत्रण में एक उपनिवेश था एक अद्भुत चमत्कारी घटना हुई जिसने भारत के प्रसुप्त स्वाभिमान को जगाया और उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैचारिक जगत में प्रतिष्ठित भी किया। यह घटना थी भारत भूमि पर स्वामी विवेकानंद के रूप में एक ऐसी विशिष्ट प्रतिभा का अवतरण जिसने संन्यास के समीकरण को पुनर्परिभाषित किया और अध्यात्म के सामाजिक आयाम को व्यावहारिक धरातल पर प्रतिष्ठित किया। इसके पीछे गुलाम भारत की घोर विपन्नता, सामाजिक भेदभाव और द्वंद्व से उपजी पीड़ा का उनका साक्षात्कार प्रमुख कारक थे। गुरुदेव श्री रामकृष्ण परमहंस के संस्पर्श से नरेंद्रनाथ दत्त स्वामी विवेकानंद में रूपांतरित हुए थे। उन्होंने न केवल धर्म के अभ्युदय का मार्ग प्रशस्त किया अपितु भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर मानव जाति के लिए एक नए युग का सूत्रपात किया। गुरुदेव के स्वर्गवास के बाद विवेकानंद विरक्त हो गए और देश का भ्रमण किया। देश के दैन्य को देख उनके मन में लोक-कल्याण के प्रति आकृष्ट किया।

धर्म के उत्थान और मानव-कल्याण के लिए गुरुदेव श्री रामकृष्ण परमहंस के अनुग्रह से सिक्त एक महाशक्ति स्वामी विवेकानंद में घनीभूत हुई थी। इसका सुपरिणाम था कि अल्पायु में ही तेजस्वी और प्रतिभाशाली युवा स्वामी ने वह कर दिखाया जो सामान्य व्यक्ति के लिए अकल्पनीय था । सुदृढ कद काठी और भव्य व्यक्तित्व के धनी स्वामी विवेकानन्द तीक्ष्ण बुद्धि और तीव्र स्मरणशक्ति से सम्पन्न थे। उनकी भौतिक उपस्थिति ऐश्वर्यशाली थी। उन्होंने भारत में अनेक यात्राएँ कीं और सीखते सिखाते रहे। उनहोने पाश्चात्य और भारतीय चिंतन प्रणालियों को भलीभाँति आत्मसात किया। वर्ष 1892 में शिकागो में हुए सर्वधर्म सम्मेलन में उनकी भागीदारी ने भारत के प्रति शेष विश्व की दृष्टि को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई। औपचारिकता से दूर हृदय से निकले उनके शब्दों ने जादू का काम किया। उनके व्याख्यान ने सबके मन को छू लिया । उन्होंने हिंदू धर्म को सभी धर्मों के उत्स या विचारधाराओं की जननी के रूप में प्रस्तुत किया जिसकी मुख्य शिक्षा थी ह्यएक दूसरे को समझो और स्वीकार करोह्न। पूरे वक्ता समुदाय में एक वही ऐसे वक्ता थे जो सब दृष्टियों से खुल कर संवाद कर रहे थे। वे सब को एक सार्वभौम सत्ता में आबद्ध कर रहे थे। वह तर्क दे रहे थे कि समन्वय से ही मनुष्य में निहित दिव्यता और उत्थान की अपरिमित संभावना है। स्वामी विवेकानंद की वाग्मिता ने सबको प्रभावित किया। कुछ लोग इससे आतंकित भी हुए और विरोध भी किया पर वे डिगे नहीं। उन्होने पारस्परिक ईर्ष्या और संकीर्णता का परित्याग कर हर एक की धार्मिक और सामाजिक स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए लौकिक और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने की जरूरत पर बल दिया और विचारों के आदानझ्र प्रदान की आवश्यकता प्रतिपादित की ।

अद्वैत की अवधारणा की अद्भुत व्याख्या करते हुए उन्होंने एक सत्य की अनेक व्याख्याओं को संगत बताया। भारतीय दृष्टि की विशालता को प्रतिपादित करते हुए उन्होंने इस ईश्वरीय भाव को उद्धृत किया ह्यकिसी भी रूप में जो मेरे पास आएगा, उसको मिलूँगाह्न जैसा गीता में कहा गया हैः ह्ययो यथा माम् प्रपद्यंते तांस्तथैव भजाम्यहम्ह्न । साथ ही विभिन्न मार्गों से चल कर सभी ईश्वर तक पहुँचेंगे क्योंकि एक सत्य के प्रति दृष्टियाँ कई हो सकती हैंः एकं सत विप्राः बहुधा वदंति । धार्मिक असहिष्णुता और कट्टरता को समाप्त करने का आह्वान सबको प्रभावित करने वाला था। सार्वभौम धर्म का स्वरूप और संभावना के प्रति वे आश्वस्त थे।

अमेरिका की यात्रा ने विवेकानंद की तेजस्विता, स्वाधीनता और निष्ठा को सम्मान दिलाने में प्रमुख भूमिका निभाई।

वे एक लोकप्रिय और प्रभावी वक्ता के रूप में शीघ्र ही प्रसिद्ध हो गए। युक्ति और तर्क के साथ स्वामी जी ने वेदान्त के संदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित किया और योग तथा आत्म-ज्ञान जैसे विषयों को प्रासंगिक साबित करते हुए उनमें लोगों की रुचि भी बढाई। स्वयं धर्ममय जीवन के एक जीते जागते आदर्श के रूप में स्वामी जी ने अनेक लोगों को प्रभावित किया और अनेक विद्वान और विदुषियाँ उनके अनुयायी और शिष्य बन गए।

# उड़ रही पतंगें आसमान की ऊंचाइयों पर, कब कौन सी कटे व कहां गिरे कौन जाने..!

हमारे जीवन में कई उतार चढ़ाव आते हैं, समय के साथ ये खत्म होते जाते हैं नये दौर आते जाते रहते हैं ये सिलसिले चलते रहते हैं। जीवन नैया हिचकोले खा कर चलती रहती है। यही जीवन की पतंगें आसमान की ऊंचाइयों पर उड़ान भरती है। कभी नदी में पानी की तरह तैरती है और कभी ठुंगी लगाती है, कभी खींचकर दूर ले जाती है और कभी-कभी आसमान में नई ऊंचाइयों पर पहुंच जाती है। पतंगों का भविष्य क्या है। वापस लौट आई तो सुरक्षित। कट गई तो जमीन पर और काट के आ गई तो तीस मारखां। मांजा मजबूत तो दस काटेंगे मगर पतंग उड़ाने वाला भी होना चाहिए, शानबाज कलाकार, फिर झपट्टा मारकर आसपास उड़ती पतंग काटेंगे और हिलगाऐंगे छूट गई तो

लुटाएंगे, किसी का तो भला करेंगे। पतंग के माहौल में नौसिखिए मिलते हैं तो पतंगबाजी के उस्ताद-खलीफा भी बहुतेरे हैं साथ में उनके कई शागिर्द भी बराबरी करने को उस्ताद बने बैठे हैं। कोई मैदान में और कोई अपनी या पड़ोसी की गच्ची पर

पतंगों की प्रतिस्पर्धात्मक जोशबाजी तो होना चाहिए। परंपरागत मांजो के बीच चाइनीज ने तो जान का जोखिम कर रखा है।

आदमी डरता है चाइनीज मांजो के जोखिम के डर से कहीं हम

झपेटे लपेटे में नहीं आ जाएं। फिर भी शौक है तो फिर है मनमानी तो करना है। पतंगों का उड़ना-उड़ाना तो चलता ही रहेगा। शौक कभी खत्म नहीं होता। अलग-अलग अंदाज, लखनवी अंदाज अब हजारों -लाखों रुपये के खर्चों के शौक हो गये है। पहले खुद बनाते थे। छोटे-मोटे दुकानदार बनाते थे।

अब तो कारखाने हो गये हैं शौक है कि आजकल दुगना - चौगुना

हो गया। आधुनिक, फैसनेबल लिबास सी हो गई है, जीवन के

फैसनेबल होने का असर यहां भी हो गया है। अभी मत पूछो यार कभी मत पूछो कि क्या आपने कभी पतंग उड़ाई बचपन में या कभी भी, कोई इंकार नहीं कर सकेगा। क्या, आपने पतंग लूटी, इससे भी कोई इंकार नहीं करेगा। कटी पतंग किसी ना किसी ने लूटी ही है, जनाब। ढग्गा, कानबाज, चांदबाज, परियल और हर कलर और नई डिजाइनर पतंगों के नये ताव-पन्नियों में अब आपको पुराने-नये चमचमाते स्वरूप में उड़ंची देओ और मुस्कराकर पतंग आसमान में फिर उड़ान का भरपूर आनंद लेओ। साथियों -दोस्तों के साथ - साथ। अभी आवाज आई है कहीं से

कानों में, काटा है और फिर कटी पतंग लूटने वालों का शौक, हुजूम आगे बड़कर गुजर गया। छीन झपट हुई और फिर एक पतंग का किस्सा खत्म हुआ।

**- मदन वर्मा " माणिक "**
**इंदौर, मध्यप्रदेश**

# महाकुंभ 2025: भारतीय ज्ञान परंपरा का खुला विश्वविद्यालय



सत्य, अहिंसा, धर्म, त्याग , तप, परोपकार के साथ अच्छे जीवन उपयोगी संस्कार और संस्कृति से पोषित तथा प्रकृति सम्मत जीवन शैली को महत्व देने वाला भारत का सनातन धर्म सबसे समृद्ध है और वैज्ञानिक भी।शायद ही कोई भारतीय इस विचार से असहमत हो। प्रत्येक बारह वर्षों में भारत के गंगा, यमुना, और सरस्वती नदी के संगम स्थल प्रयागराज पर आयोजित होने वाला कुंभ( 2025 में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक) करोड़ों हिन्दुओं के लिए,सनातन में विश्वास रखने वाले व्यक्तियों के लिए एक धार्मिक अनुष्ठान, आस्था का मेला , सनातन संस्कृति को विस्तार देने वाला एक आयोजन मात्र नहीं है अपितु भारतीय ऋषियों की ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रचार-प्रसार तथा वैश्विक पहचान दिलाने का माध्यम है, उन्हें बहुत करीब से जानने, समझने, सीखने तथा आत्मसात करने का ह्रखुला विश्वविद्यालय" है।इस महाकुंभ में भी पूर्व कुंभों(प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन,नासिक) की तरह विभिन्न मठ, अखाड़ों, धर्म संगठनों,न्यास आदि द्वारा साधु-संतों, तपस्वियों, धमार्चायों और विद्वानों को उनकी संगठनात्मक योग्यता, सनातन धर्म आधारित ज्ञान तथा उसके प्रचार-प्रसार की क्षमता, तप और आध्यात्मिक साधना आदि के आधार पर विविध उपाधियां दी जा सकती है, जैसे -आचार्य महामंडलेश्वर, महामंडलेश्वर, शंकराचार्य, महंत, अवधूत, परमहंस,नागा साधु, वेदांताचार्य, योगेश्वर, धर्म-चक्रवर्ती, तपोनिष्ठ, सिद्ध- योगी, धर्मगुरु आदि।ज्ञान के इस अनोपचारिक शिक्षण संस्थान(कुंभ) में प्रवेश के लिए न तो किसी अर्हतादायी परीक्षा पास होने की बाध्यता है, न ही जाति, धर्म, लिंग, भाषा का बंधन है और न ही धन की आवश्यकता है। इस शिक्षास्थली से ज्ञानार्जन के लिए यदि किसी चीज की आवश्यकता है, तो वह है स्वयं के द्वारा चयनित गुरु के प्रति आस्था, विश्वास और समर्पण।मेरा ऐसा मानना है कि भारतीय ज्ञान परंपरा की इस शिक्षास्थली से ज्ञानार्जन करने वाला आम और खास व्यक्ति जीवन उपयोगी लौकिक एवं पारलौकिक विषयों पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त कर सकता है, देश, समाज और स्वयं की उन्नति की राहें आसान कर सकता है तथा मानव जन्म को सार्थक बना सकते हैं।

भारतीय ज्ञान परंपरा की दृष्टि से 2025 का महाकुंभ विशेष है और महत्वपूर्ण है।महाकुंभ में कल्पवासी, स्नानार्थी, श्रद्धालु, शिष्य, पर्यटक आदि सभी को साधु-संतों, ऋषि-मुनियों , विद्वानों और दार्शनिकों के श्रीमुख से ईश्वरीय चरित्र , ज्ञान-सत्ता और भक्ति का साक्षात्कार करने, समाज में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने,जीवन में खुशियां और शांति प्राप्त करने की विभिन्न पद्धतियों, विचारधाराओं को करीब से देखने,समझने और आत्मसात करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। विभिन्न मठ, मंदिर , साधु-संतों के पंडालों आदि में आयोजित होने वाले विचार विमर्श/सत्संग/संगोष्ठी/कार्यक्रम/स्वाध्याय आदि के माध्यम से पूजा-पाठ, भक्ति, उपासना, साधना,यज्ञ, योगासन , प्राणायम, ध्यान आदि के महत्त्व को जाना जा सकता है तथा इनकी पद्धतियों/विधियों की प्रायोगिक कला को भी सीखा जा सकता है। इतना ही नहीं समाज को एकजुट, उन्नतशील रखने की आवश्यकता से लेकर इन लक्ष्य को प्राप्त करने के तौर-तरीकों, तथा समाज में व्याप्त अंधविश्वास, कुरितियां से होने वाले नुकसान से लेकर उनसे बचने के उपायों तक पर कुंभ के विभिन्न आयोजनों में खुली चर्चा होती है, मार्ग निकलता है।इसी तरह देश की युवा पीढ़ी पर,राष्ट्र पर, सनातन धर्म पर कौन-कौन से खतरे मंडरा रहे हैं, उनसे कैसे बचा जा सकता है, भारत को विकसित राष्ट्र के साथ पुनः विश्वगुरु कैसे बनाया जा सकता है आदि विभिन्न विषयों पर मंथन और विमर्श इस तरह के आयोजन को न सिर्फ विशिष्ट बनाते है, अपितु प्रासंगिक भी बनाते हैं।

कुंभ में होने वाले साधु-संतों एवं धमार्चायों के व्याख्यान,प्रवचन, उपदेश और वेदांत चर्चा भारतीय दर्शन को गहराई से समझने में मदद करते हैं।

कुंभ में लगने वाले आयुर्वेद और योग के शिविर न केवल पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहित करते हैं, विस्तार देते हैं अपितु लाखों लोगों को स्वास्थ्य लाभ भी उपलब्ध कराते हैं।ज्योतिष और भविष्य वाणियों पर भी इस तरह के आयोजनों में विचार-विमर्श होता है। वेद, पुराण, गीता, रामायण/रामचरितमानस, उपनिषद, भागवत जैसे अनेकों धार्मिक ग्रंथो में छुपे विभिन्न नैतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, वैज्ञानिक पहलुओं के बारे में आचार्यों, महा-मंडलेश्वरों , धमार्चायों, कथावाचकों, विद्वानों आदि से श्रोताओं/श्रद्धालुओं/शिष्यों को रोचक,सरल,सहज और समझ में आने वाली भाषा में प्रमाणिक ज्ञान प्राप्त होता है। सनातनी धार्मिक ग्रंथो के प्रति आस्था बढ़ती है, इनमें समाहित गूढ़ रहस्यों को जानने के प्रति आकर्षण पैदा होता है जो भविष्य में विमर्श और शोध का हेतु बनता है।

कुंभ से विभिन्न विषयों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप प्राप्त होने वाला ज्ञान और शिक्षा मनुष्यों को जीवन जीने की कला और धर्म के व्यावहारिक पक्ष से परिचित कराती है तथा आधुनिक ज्ञान और विज्ञान के प्रति भी जागरूकता पैदा करती है।

पूर्व में आयोजित कुंभ नवाचार,सामाजिक सुधारों और बदलावों का वाहक रहे हैं फिर चाहे किन्नर समाज के अखाड़े को मान्यता देना हो या फिर किन्नर तथा नारी शक्ति को महामंडलेश्वर के रूप में स्वीकारना आदि हो। 2025 के कुंभ में भी कई नवाचार देखने और सुनने को मिल सकते हैं।

महाकुंभ जैसे आयोजनों में सामाजिक एकता और समरसता,लोक कलाओं और लोक संस्कृति पर केवल चर्चा ही नहीं होती अपितु उसके साक्षात दर्शन भी होते हैं। विभिन्न जाति, धर्म, भाषा के लोगों को बिना भेद-भाव के स्नान, ध्यान, भोजन, भजन,कीर्तन करते हुए एकसाथ देखा जा सकता है।

कुंभ में गुरुकुल परंपरा को भी करीब से अनुभव किया जा सकता है।यहां संत और महात्माओं को अपने शिष्यों को वाचिक परम्परा के माध्यम से वेद, उपनिषद, योग, आयुर्वेद और शास्त्रों आदि के ज्ञान को सहजता से स्थानांतरित करते हुए देखा जा सकता है।

महाकुंभ 2025 में पर्यावरण प्रदूषण, सांस्कृतिक प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और नदी संरक्षण जैसे आधुनिक मुद्दों तथा विभिन्न सामाजिक विषयों पर भी चर्चा होने की संभावना है। पिछले उज्जैन कुंभ में भी ह्यविचार कुंभह्न का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्वान, आचार्य , धमार्चायों, महामंडलेश्वरों आदि ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखे, जिसे श्रोताओं ने बहुत सराहा।

डिजिटल क्रांति के युग में महाकुंभ का स्वरूप भी बदल रहा है।2025 में आयोजित हो रहे महाकुंभ में डिजिटल तकनीक और माध्यमों के साथ-साथ आधुनिक एआई तकनीक का उपयोग कर देश-विदेश के करोड़ों लोगों को इससे जोड़े जाने की संभावना है। मेले के प्रबंधन , प्रतिभागियों को सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध कराने में, भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को वैश्विक स्वरूप प्रदान करने में भी डिजिटल तकनीक के बढ़-चढ़कर उपयोग होने की संभावना है। ऑनलाइन मंचों से लाइव स्ट्रीमिंग, वर्चुअल चचाएं, और डेटा विश्लेषण भी इस वर्ष के महाकुंभ में आकर्षण का केंद्र हो सकते हैं।

कुंभ जैसे आयोजन विश्व को सर्वधर्म समभावः के साथ "वसुधैव कुटुंबकम्" का संदेश देते हैं। भारत की भूमि में आयोजित होने वाले इस तरह के आयोजन यह समझाने में भी सफल होते हैं कि अध्यात्म और विज्ञान एक दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। दोनों मिलकर मानवता को नई दिशा दे सकते हैं। भारतीय ज्ञान केवल अतीत की धरोहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए भी प्रकाश पुंज है।

निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की ओपन यूनिवर्सिटी है, जो हर स्तर के व्यक्तियों के लिए ज्ञान के भण्डार में से कुछ सीखने, समझने, और आत्मसात करने का मंच प्रदान करती है। इस तरह के आयोजन न केवल भारत की प्राचीन विरासत को जीवित रखे हुए है, बल्कि आधुनिक समाज को भी प्रेरणा देते हैं। महाकुंभ 2025 सनातन गुरुकुल परंपरा, आधुनिक ज्ञान, विज्ञान, और अध्यात्म तीनों को एक साथ लाने वाला अद्भुत मंच है जहां प्राचीन और आधुनिक विचारधाराएं एक दूसरे के साथ सामंजस्य स्थापित करती दिखाई देने वाली है। मुझे संगम तट पर आयोजित हो रहा भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन सनातन ज्ञान,धर्म, लोककला, संस्कार, संस्कृति, परंपरा और मूल्यों से वैश्विक मानव समाज को परिचित कराने के खुले विश्वविद्यालय के रूप में नजर आ रहा है।

**लेखकः डा.मनमोहन प्रकाश,**

# व्यवस्था की संवेदनहीनता का परिचायक तिरुपति हादसा

आंध्रप्रदेश के विख्यात तिरुपति मंदिर में बुधवार रात मची भगदड़ में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। भगदड़ का कारण वैकुंठ द्वार के दर्शन के लिए टोकन लेने की लंबी कतार थी, जिसमें कई घंटों के इंतजार के बाद श्रद्धालुओं के सब्र का बांध टूटा और हालात बेकाबू हो गए। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के मुताबिक 10 से 19 जनवरी तक वैकुंठ एकादशी पर वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए खोले जाएंगे। इन 10 दिनों में करीब 7 लाख भक्तों के आने की संभावना है। दर्शन के लिए टोकन 9 जनवरी की सुबह 5 बजे से दिए जाने थे। लेकिन बुधवार 8 जनवरी की सुबह से ही टोकन पाने के लिए भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो गयी। टोकन वितरण के लिए कुल 9 केंद्रों में 54 काउन्टर बनाए गए थे। हरेक केंद्र पर भारी भीड़ इकठ्ठा हो रही थी। एक केंद्र में श्रद्धालुओं की कतार तितर बितर हुई तो अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर वहां स्थिति को काबू किया गया। ज्यादा भीड़ को देखते हुए पुलिस ने काउंटर खोले जाने तक लोगों को पास में बने एक पार्क में बैठने को कहा। कुछ ही देर में वो पार्क खचाखच भर गया। पुलिस ने पार्क का गेट बंद कर दिया। शाम 7 बजे के करीब पार्क में दम घुटने के चलते एक महिला बेसुध हो गई। इस महिला के इलाज के लिए उसे पार्क से बाहर निकालने का फैसला किया गया और एक पुलिस अधिकारी के कहने पर पार्क का गेट खोला गया, वहां मौजूद हजारों लोगों को लगा कि टोकन की कतार में भेजने के लिए पार्क का गेट खोला गया है और एक साथ सैकड़ों लोग पार्क के गेट से बाहर निकलने की जद्दोजहद करने लगे इसी दौरान वहां भगदड़ मच गई। जो कई लोगों की मौत का कारण बन गई। तिरुपति में हर वर्ष वैकुंठ एकादशी के अवसर पर ऐसी ही स्थिति होती है। लेकिन इस साल यह एक अनचाही आपदा में बदल गई। ऐसा नहीं है कि किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ की यह पहली घटना है। हिंदुस्तान हर वर्ष ऐसी कई अप्रिय घटनाओं का साक्षी बनता है। अभी पिछले महीने मथुरा में एक कथा आयोजन में भगदड़ हुई थी। इससे पहले जुलाई में हाथरस में नारायण हरि के सत्संग कार्यक्रम में भयंकर भगदड़ हुई थी, जिसमें कम से कम 120 लोगों की मौत हो गई थी। अगस्त में जहानाबाद के बाबा सिद्धनाथ मंदिर में मची भगदड़ में 7 लोगों की जान चली गई थी। तीन साल पहले जनवरी 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में भारी भीड़ के कारण भगदड़ मची और 12 लोगों की मौत हो गई थी। जुलाई 2015 में आंध्रप्रदेश के राजमुंदरी में गोदावरी स्नान के दौरान मची भगदड़ में 27 तीर्थयात्रियों की जान चली गई थी। ऐसी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है। इन घटनाओं में समय, तारीख, स्थान बदले हैं, लेकिन एक बात जो नहीं बदलती कि इन घटनाओं के असल दोषियों को कभी सजा नहीं मिलती, कभी किसी की जिम्मेदारी तय नहीं होती। हालांकि हर घटना के बाद जांच का वादा सरकार करती है। दूसरी बात जो नहीं बदलती कि मरने वाले तमाम श्रद्धालु बेहद सामान्य परिवारों के लोग रहते हैं, इनमें किसी अतिविशिष्ट व्यक्ति का नाम शुमार नहीं होता। अकाल मौत किसी को भी नहीं मिलनी चाहिए, न आम को, न खास को। लेकिन भारत में आम जनता को अकाल मृत्यु के खौफ से निजात नहीं है, खास कर तब जबकि वह आस्तिक हो और अपनी श्रद्धा के मुताबिक धर्मस्थलों में जाए। यूं तो धार्मिक स्थलों में हमेशा ही भीड़ उमड़ती है लेकिन कुछ खास मौकों पर, कुछ खास धार्मिक स्थलों में इतने लोग एक वक्त में इके्‌ हो जाते हैं कि प्रशासन, प्रबंधन के लिए उन्हें संभालना मुश्किल हो जाता है। तमाम असुविधाओं के बावजूद श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी करने, अपनी तकलीफों से राहत की प्रार्थना करने या अपना इहलोक, परलोक सुधारने के लिए धार्मिक स्थलों में, प्रवचन और सत्संगों में पहुंचते हैं। अतिविशिष्ट लोगों को इस असुविधा का सामना कभी-कभार ही करना पड़ता है। क्योंकि उनके लिए विशिष्ट दर्शन, विशिष्ट कीमत पर उपलब्ध होते हैं और उनकी मौजूदगी अन्य लोगों को उस स्थान पर आने के लिए लुभाती भी है।

# बिखरने की राह पर विपक्षी गठबंधन

**(राकेश अचल-विनायक फीचर्स)**

भारत में लोकतंत्र खतरे में हो या न हो लेकिन तमाम विपक्षी दल जरूर खतरे में नजर आ रहे हैं। अनेक क्षेत्रीय दल अब सत्तारूढ़ भाजपा से मोर्चा लेने के बजाय उसकी शरण में जाने के लिए लालायित दिखाई दे रहे हैं। भारत के दो दलीय लोकतंत्र के लिए एक तरह से ये ठीक भी है और नहीं भी ,लेकिन होनी को कौन टाल सकता है ?

पिछले महीने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा में पराजय के बाद इंडिया गठबंधन के अनेक सहयोगी दल दिल्ली विधानसभा के चुनाव के समय अपनी-अपनी ढपली बजाकर अपना-अपना राग सुनाने लगे हैं। दिल्ली में शुरूआत आम आदमी पार्टी ने की। आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को अलग करने की मांग की। आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने को राजी नहीं थी। यह गठबंधन पहली बार बिखरता तब दिखा जब कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र को उतारा। इस पर आम आदमी पार्टी बिदक गयी और उसने कांग्रेस को ही भाजपा की बी टीम कह दिया।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हार चुके एनसीपी के शरद पंवार गुट को भी अब भाजपा प्रिय लगने लगी है। महाराष्ट्र के दिग्गज शरद पंवार अब ये कहते नहीं थकते कि संघ जैसा कोई नही। संघ ने ही भाजपा को प्रचंड विजय दिलाई।भाजपा के हाथों खंडित हो चुके शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी अब अपना वजूद संकट में नजर आ रहा है ,वे भी अब हिंदुत्व का राग अलापते दिखाई दे रहे हैं और वो दिन भी दूर नहीं है जब वे भाजपा के सहयोगी बन जाएँ ,क्योंकि न अब पंवार को लड़ना आता है और न उद्धव ठाकरे को। ये केवल परास्त ही नहीं बल्कि हिम्मत हार चुके योद्धा बनकर रह गए हैं।

बंगाल की शेरनी कही जाने वाली ममता बनर्जी तो पहले से इंडिया गठबंधन की अगुवाई करने का मन बनाये बैठीं हैं ,वे भाजपा से अब तक जूझती आयीं है लेकिन अब उन्हें भी कांग्रेस से भय लगने लगा है। ममता को पता है कि इंडिया गठबंधन में और कोई कांग्रेस की जगह नहीं ले सकता,लेकिन चूंकि वे पुरानी कांग्रेसी हैं,अभी भी उनके साथ कांग्रेस का पुछल्ला जुड़ा है इसलिए उन्हें लगता है कि शायद गठबंधन के दूसरे सहयोगी उनका नेतृत्व स्वीकार कर ले।

इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े दलों में से एक समाजवादी पार्टी ने विधानसभा उप चुनावों में कांग्रेस से अलग रहकर चुनाव लड़ लिया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भी समाजवादी दल सुप्रीमो अखिलेश की अपनी ढपली और अपना राग सुनाई दिया था। समाजवादी दल की महत्वाकांक्षा ममता बनर्जी जैसी नहीं है। अखिलेश उत्तर प्रदेश से बाहर नहीं निकलना चाहते। उन्हें इंडिया गठबंधन के नेतृत्व की ललक भी नहीं है

क्योंकि वे जानते हैं कि उनका और उनके दल का कद कांग्रेस जैसा नहीं है। फिर भी उनके मन में भी भय है। वे भाजपा से मोर्चा तो लिए हुए हैं ,लेकिन उनका आत्मविश्वास भी हिला हुआ है। बिहार का राष्ट्रीय जनता दल कांग्रेस का अखंड सहयोगी रहा है ,लेकिन बिहार विधानसभा चुनावों से ठीक पहले वहां भी असंतोष के सुर सुनाई दे रहे हैं। राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अब बूढ़े हो चुके है। उनके उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव ठसक में हैं लेकिन वे कांग्रेस के खिलाफ बागी नहीं हुए है। उन्हें पता है कि वे बिहार को अकेले दम पर न जीत सकते हैं और न भाजपा को सत्ता में आने से रोक सकते हैं ,इसलिए वे अभी कांग्रेस के खिलाफ मुखर नहीं हुए हैं ,लेकिन दल के और अपने वजूद की फिक्र उन्हें भी खाये जा रही है। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों के बाद नेशनल कांफ्रेंस के नेता और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के स्वर भी कांग्रेस को लेकर तल्ख हो गए है। वे भी कहने लगे हैं कि इंडिया गठबंधन का न कोई एजेंडा है और न कोई नेता।

दरअसल अब्दुल्ला का काम निकल चुका है। अब वे भी भाजपा से पंगा लेने के बजाय हिकमत अमली से पांच साल मुख्यमंत्री बने रहना चाहते है। उन्हें पता है कि भाजपा से पंगा लेने से अब उनका कोई फायदा होने वाला नहीं है इसलिए कांग्रेस से छोड़-छुट्टी करने में उन्हें कोई संकोच होने वाला नहीं है।

अब बात आती है इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस की। कांग्रेस के साथ सबसे बड़ी ताकत उसकी अपनी विरासत है, विचारधारा है और संख्या बल भी है। कांग्रेस के सामने देश की राजनीति में पहचान का कोई संकट नहीं है । देश की राजनीति को कांग्रेस विहीन बनाने का भाजपा का अभियान पूरी तरह कामयाब नहीं हो सका है। पिछले दस साल में कांग्रेस की ताकत और स्वीकार्यता बढ़ी जरूर है कांग्रेस ने पिछले आम चुनाव से पहले देश में दो बड़ी जनसम्पर्क यात्राएं निकलकर अपनी स्वीकार्यता को प्रमाणित भी किया है। ।

कांग्रेस पर एक परिवार के नेतृत्व का गंभीर और वास्तविक आरोप जरूर लगता है लेकिन भाजपा के खिलाफ केवल कांग्रेस ही है जो मैदान में खड़ी है। कांग्रेस आम आदमी पार्टी की तरह भाजपा की बी टीम नहीं बनी। कांग्रेस ने ईडी और सीबीआई के सामने भी हथियार नहीं डाले । कांग्रेस ने बड़े पैमाने पर कांग्रेसियों के भाजपा में शामिल होने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी। कांग्रेस ही है जो अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सत्तारूढ़ भाजपा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को कटघरे में खड़ा करती रही है ।

कुल जमा बात ये है कि इंडिया गठबंधन बिखरता है तो देश की तमाम क्षेत्रीय पार्टियों का वजूद खतरे में पड़ जायेगा,लेकिन कांग्रेस का कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। कांग्रेस का जितना नुकसान होना था वो पिछले 10 साल में हो चुका है।

अब कांग्रेस खुद को सुरक्षित मान रही है,अब ये कोई माने तो ठीक और न माने तो ठीक। दिल्ली विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद देश के सभी गैर भाजपा दलों को पता चल जाएगा कि इंडिया गठबंधन देश की जरूरत है या नहीं ?

# सुरक्षा और सतर्कता के बारे में पुलिस आयुक्त ने किया ब्रीफ

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**





**प्रयागराज। महाकुम्भ-2025** के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन हेतु व पौष पूर्णिमा, मकर संक्रान्ति स्नान पर्व में चौकसी के लिए पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने ब्रीफ पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया। सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के लिए पुलिस आयुक्त प्रयागराज ने जनपद और अर्धसैनिक बल के वरिष्ठ अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्नान पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए सतर्कता, समर्पण और पूरी निष्ठा से ड्यूटी निभाएं। बैठक में पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्नान पर्व के दौरान संभावित भीड़ और आपात परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस बल को हर स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि अब तक किए गए व्यापक प्रशिक्षण और अभ्यास ने पुलिस बल को हर प्रकार की चुनौती का सामना करने में सक्षम बना दिया है। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की संपूर्ण भौगोलिक जानकारी रखें और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखें। सुरक्षा तैयारियों के तहत सभी सेक्टर प्रभारी और पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि वे अपने क्षेत्र के अस्पतालों और आपातकालीन सेवाओं की पूरी जानकारी रखें।

किसी भी अप्रिय घटना के दौरान त्वरित सहायता पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों को सक्रिय स्थिति में रखने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पुलिस आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर संचार को मजबूत बनाए रखें और किसी भी घटना की सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएं।अपर पुलिस आयुक्त एन कोलाची ने डायल 112 की त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी घटना की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को हर परिस्थिति में पूरी सतर्कता के साथ काम करना होगा और किसी भी घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया देनी होगी।

प्रभारी अपर पुलिस आयुक्त डॉ अजयपाल शर्मा ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र की विस्तृत भौगोलिक जानकारी प्रदान करनी चाहिए, ताकि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हों। पुलिस उपायुक्त यातायात नीरज पाण्डेय ने यातायात प्रबंधन की योजनाओं पर चर्चा की और सभी अधिकारियों को ट्रैफिक डायवर्जन और व्यवस्था के बारे में जानकारी दी।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य महाकुंभ 2025 के दौरान सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को सुचारू और प्रभावी बनाना है। पुलिस आयुक्त ने सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है, ताकि
श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित अनुभव प्रदान किया जा सके।

## प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर 200 जरूरतमंद लोगों को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बांटा कम्बल





**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

कौशाम्बी। जिले में जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में वायनाड की सांसद कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन गरीबों को कंबल वितरण कर केक काटकर मनाया गया रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने नगर पालिका भरवारी में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन के दिन आम जनता व गरीबों के बीच में ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण एवं लड्डू खिलाकर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि हमारी नेत्री प्रियंका गांधी को पूरे जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी की तरफ से जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं हम सभी ईश्वर से यह कामना करते हैं कि दीदी का आशीर्वाद हम सभी पर इसी तरह बना रहे और आगे भी हम सब को दीदी के मार्गदर्शन और कांग्रेस पार्टी व पार्टी के झंडे को सड़कझ्र सड़क गली-गली तक पहुंचाने का काम करेंगें।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव प्रभारी कौशांबी राजेश साहनी ने सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन केक काटकर कौशांबी की समस्त जनता के साथ मिल कर मनाया और कहा दीदी को जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष कौशाम्बी तलत अजीम ने कहा प्रियंका गांधी एक ऐसी नेत्री हैं जिन्होंने महिलाओं को उत्तर प्रदेश में 50 प्रतिशत की भागीदारी दी थी एवं लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा दिया था ऐसी महान शख्सियत को हम आज उनके जन्मदिन पर बहुत-बहुत बधाई देते हैं इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अकरम जका ने भरवारी की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि कांग्रेस के विचारों को बताया एवं प्रियंका गांधी के द्वारा किए गए कार्यों को जनता को बताया एवं दीदी को जन्मदिन की बधाई दी।

इस मौके पर जिला महासचिव व कार्यक्रम के आयोजक मोहम्मद आरिफ ने राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया व गरीबों में कंबल वितरण करते हुए कांग्रेस के विचारों को बताया वा प्रियंका गांधी के द्वारा किए गए कार्यों को दशार्या इस मौके पर अलकमा उस्मानी अमित द्विवेदी आजाद उदय यादव सैफ मंसूरी दीपक पाण्डेय बाबू अब्बान शारूख ,नूरुत जमा, हेमंत रावत, सचिन पाण्डेय तबरेज अहमद असरफ, सरफराज, हैदर, शान, खुर्शीद आलम, अजमल, अमन, वीरेंद्र त्रिपाठी, सिकंदर सिंह, अनिल सेन, असद, मिजान, जमशेद, पण्डित मंजीत, उस्मान,अनिल यादव, सोनू यादव सहित सैकड़ो कौशांबी कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मानिकपुर के विधायक से सीख लें कौशांबी के जनप्रतिनिधि, जनता की उम्मीदें

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**




**कौशाम्बी। चित्रकूट** के मऊ मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अविनाश चंद द्विवेदी (लल्ली महाराज) के नेतृत्व में किए जा रहे विकास कार्यों ने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है, गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उनके प्रयास सराहनीय माने जा रहे हैं कौशांबी के लोगों का मानना है कि उनके जनप्रतिनिधियों को मऊ मानिकपुर के विधायक से प्रेरणा लेनी चाहिए अगर यहां के विधायकों और सांसदों ने विधायक अविनाश चंद द्विवेदी की तरह ठोस कदम उठाए होते,तो कौशांबी के गरीबों और जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का सही लाभ समय पर मिल पाता जनता चाहती है कि कौशांबी के जनप्रतिनिधि चित्रकूट मॉडल को अपनाकर गरीबों के हित में कार्य करें और विकास को हर गांव-गांव हर व्यक्ति तक पहुंचाएं।

## महाकुंभ : शिव तांडव स्तोत्र पर लाइव प्रस्तुति देंगी अदा शर्मा

**इलाहाबाद।** फिल्म इंडस्ट्री की टैलेंटेड अभिनेत्री अदा शर्मा महाकुंभ में शिव तांडव स्तोत्रम पर अपनी लाइव
प्रस्तुति देंगी। अदा शर्मा पहली बार कुंभ जा रही हैं। बता दें, महाकुंभ मेले की शुरूआत बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों अमिताभ बच्चन, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और शंकर महादेवन, कैलाश खेर, हरिहरन, मोहित चौहान जैसे अन्य सितारों के साथ होगी।

महाकुंभ में प्रस्तुति देने वाले सितारों की लिस्ट में अभिनेत्री अदा शर्मा का भी नाम शामिल हो चुका है। लाइव प्रस्तुति के दौरान वह शिव तांडव स्तोत्र का जाप करेंगी। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर लेटेस्ट पोस्ट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम हैंडल पर अभिनेत्री ने लाइव जाप करते हुए एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह आंख बंद करके शिव तांडव का पूरा पाठ करती नजर आई थीं। अभिनेत्री का वीडियो वायरल हो गया था। हाल ही में अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए शूटिंग के पीछे की झलक दिखाई थी। इंस्टाग्राम पर वीडियो को शेयर कर उन्होंने लिखा, ह्ल मैं उन लोगों में से नहीं, जिसे धूम्रपान पसंद है, लेकिन मैं अपने प्यार के लिए ये पसंद करती हूं।ह्व (यहां प्यार सिनेमा के लिए है) रीता सान्याल। इसके साथ ही अभिनेत्री ने सिगरेट-धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कार्बन मोनो ऑक्साइड का धुआं भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, का भी जक्रि कयिा था।

अदा शर्मा की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जो सोशल मीडिया पर फैंस के साथ नए पोस्ट के साथ अपडेट रहती हैं। इससे पहले अभिनेत्री ने एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें वह वर्कआउट करती नजर आई थीं। वीडियो शेयर कर अभिनेत्री ने लिखा था, " वर्कआउट के बीच कुछ ध्यान वाली चीजें भी अच्छी हो सकती हैं। आज सेलिब्रेशन! क्योंकि यह बेबी खारुताई (गिलहरी) है, जो मुझसे बहुत डरती थी, लेकिन अब धीरे-धीरे वह मुझ पर भरोसा करने लगी है। पहले वह मुझसे इतना डरती थी कि मुझे दूर खड़ा देखकर भी भाग जाती थी।

अदा शर्मा के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में अभिनेत्री रीता सान्याल में नजर आई थीं। अभिरूप घोष के निर्देशन में बनी टेलीविजन सीरीज का प्रीमियर 14 अक्टूबर, 2024 को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हुआ था। सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित एक राजनीतिक थ्रिलर बस्तरः द नक्सल स्टोरी में देखा गया था। इसमें अदा शर्मा के साथ इंदिरा तिवारी, विजय कृष्ण, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन भी हैं। अभिनेत्री के पास महेश भट्ट की रोमांटिक फिल्म तुमको मेरी कसम है। फिल्म में अभिनेत्री लीड रोल में नजर आएंगी। हालांकि, फिल्म मेकर्स ने उनके किरदार के बारे में जानकारी को अभी सीक्रेट रखा है।

## अयोध्या में शनिवार से उत्सव, सीएम योगी करेंगे श्रीगणेश



**अयोध्या।** भव्य मंदिर में विराजमान रामलला की पहली वर्षगांठ पर शनिवार से तीन दिवसीय उत्सव शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलला का महाभिषेक कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद परिसर स्थित अंगद टीले से पहली बार साधु-संतों और समारोह में शामिल होने वालों को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम में दोनों उपमुख्यमंत्री के भी पहुंचने की संभावना है। मुख्यमंत्री योगी तकरीबन पांच घंटे तक अयोध्या में ही रहेंगे।

भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला 22 जनवरी 2024 को विराजमान हुए थे। उस वर्ष के मुहूर्त के अनुसार इस बार प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव 11 जनवरी को मनाई जानी है। इसे लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 11 से 13 जनवरी तक तीन दिवसीय उत्सव मनाने की घोषणा की है। पहले दिन से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो जाएगी। इसमें गीत-संगीत, कला और साहित्य जगत की तमाम नामी गिरामी हस्तियां अपनी प्रस्तुति देंगी। ट्रस्ट की तरफ से मुख्यमंत्री योगी को आमंत्रित किया गया था। वह सुबह 10 बजे के करीब अयोध्या पहुंच जाएंगे।

प्रथम वर्षगांठ के कार्यक्रम को देखते हुए तीन दिन तक सभी तरह के पास को बंद कर दिया है। अधिक से अधिक लोग रामलला का दर्शन कर सकें, इसलिए दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ को लेकर मंदिर परिसर को 50 क्विंटल से भी अधिक फूलों से सजाया जा रहा है। इसके अलावा 11 नंबर के वीआईपी गेट को भव्य तरीके से सजाया गया है। अन्य द्वारों पर भी फूलों से सजावट की गई है। वहीं, नगर निगम ने कार्यक्रम और महाकुंभ को देखते हुए पेड़ों पर भी झालर लाइट लगाने का निर्देश दिया है।

शनिवार से शुरू हो रहे कार्यक्रम को लेकर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। मुख्यमंत्री योगी समेत अन्य मंत्रियों के अलावा कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए रूट डायवर्जन भी किया जाएगा।

## सीएम योगी ने किया 'मां की रसोई' का उद्घाटन, मात्र 9 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन



**महाकुंभ नगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित 'मां की रसोई' का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए संस्थान की ओर से शुरू की गई इस सेवा पर प्रसन्नता जाहिर की और खाने की गुणवत्ता, स्वच्छता के साथ ही सुविधाओं की भी सराहना की। उन्होंने थाली परोसकर सेवा भी की और 'मां की रसोई' के किचन का भी अवलोकन किया।

प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सीएम योगी स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने फीता काटकर नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित 'मां की रसोई' का शुभारंभ किया। शुभारंभ करने के बाद सीएम डाइनिंग रूम में भी पहुंचे, जहां लोगों को बैठाकर खाना खिलाने का प्रबंध किया गया है। यहां मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने हाथों से थाली लगाकर वहां उपस्थित लोगों की सेवा की।

इसके बाद औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी उन्हें लेकर सीधे किचन पहुंचे, जहां खाना तैयार किया जाता है।

यहां उन्होंने खाने की गुणवत्ता से लेकर अन्य सभी प्रबंधों के विषय में सीएम योगी को जानकारी दी।

सीएम योगी ने रसोई का निरीक्षण करते हुए वहां साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सेवा भाव से शुरू की गई इस रसोई की सीएम योगी ने प्रशंसा की। इस दौरान पूरे प्रांगण में 'जय श्री राम' का उद्घोष भी होता रहा।

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए नंदी सेवा संस्थान द्वारा यह सेवा शुरू की गई है। इसमें मात्र 9 रुपए में लोगों को भरपेट भोजन मिलेगा। थाली में दाल, 4 रोटी, सब्जी, चावल, सलाद और मिठाई दी जाएगी।

## पुलिस आयुक्त ने आईसीसीसी का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुम्भ**-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के लिए रविवार को पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति स्नान पर्व के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा ने रिजर्व पुलिस लाइन्स अरैल महाकुम्भ मेला एवं इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का निरीक्षण किया । इस दौरान स्नान पर्व की गतिविधियों की निगरानी के लिए तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए पुलिस बल को सतर्क रहने और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद यादव समेत कई अफसर मौजूद रहें।

## पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़ा ने किया महाकुंभ मेला प्रवेश

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज। पंचायती** बड़ा उदासीन अखाड़ा की पेशवाई यात्रा निकली। पेशवाई यात्रा पत्थर चट्टी रामलीला मैदान से निकलकर प्रयाग संगीत समिति, विवेकानंद मार्ग जानसेनगंज चौराहा, घंटाघर चौराहा से ओल्ड जीटी रोड बताशा मंडी पहुंची। उसके बाद राम भवन चौराहा, बड़ा चौराहा से पुनः बाएं मुड़कर आर्य कन्या चौराहा से शंकर लाल भार्गव मार्ग होकर एडीसी सिमेट्री मार्ग सीधे यमुना नए पुल, नई सड़क से मुड़कर त्रिवेणी रोड, फोर्ट चौराहा, त्रिवेणी मार्ग से त्रिवेणी मध्य पांटून पुल पार कर अखाड़ा शिविर में सकुशल प्रवेश किया। सम्पूर्ण यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था, रूट एवं मार्ग की व्यवस्था प्रभारी अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक, आईसीसीसी अरविंद कुमार पाण्डेय एवं उनकी पुलिस बल टीम के द्वारा संभाली गई। यात्रा में शामिल संतों का स्वागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ राजेश द्विवेदी एवं क्षेत्राधिकारी प्रोटोकॉल प्रतिमा सिंह एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर किया गया।

## महाकुंभ-2025 में आयुर्वेद और होम्योपैथिक चिकित्सालयों से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा

**वाराणसी।** 12 वर्षों के बाद प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 को धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का अद्वितीय प्रतीक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 को लेकर तैयारी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महाकुंभ-2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डिजिटल युग का अद्भुत उदाहरण बनाने की योजना है। स्नान, ध्यान, ठहरने और चिकित्सा जैसी सुविधाओं को तकनीकी और आधुनिक दृष्टिकोण से व्यवस्थित किया गया है।

यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक विविधता और "वसुधैव कुटुंबकम" के दर्शन को समर्पित है। महाकुंभ न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता को भी वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा। आयुष मंत्री ने बताया कि इस महाआयोजन में श्रद्धालुओं के लिए आयुर्वेद और होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधाओं का विशेष प्रबंध किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र "दयालु" ने महाकुंभ के बारे में आगे बताते हुए कहा कि सनातन आस्था के महापर्व महाकुम्भ 2024-25 में आयुष (होम्योपैथी व आयुर्वेद) चिकित्सा पद्धति



अपनी पूरी क्षमता के साथ महापर्व में आये हुए समस्त श्रद्धालुओं की सेवा हेतु तत्पर है। इस आयोजन हेतु मेला क्षेत्र में कुल 20 अस्थाई चिकित्सालयों की स्थापना की गयी है, जिसमें 10 होम्योपैथी के तथा 10 आयुर्वेद के चिकित्सालय है ये चिकित्सालय सम्पूर्ण मेला अवधि तक पूर्ण क्षमता से संचालित होगे। इसके लिए 40 चिकित्साधिकारी (होम्योपैथ), 28 चिकित्साधिकारी (आयुर्वेद) 50 से अधिक फार्मासिस्ट तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी विभिन्न अस्थाई चिकित्सालयों में लगाई गयी है, इसके साथ ही आयुर्वेद एवं होमियो पैथिक चिकित्सालयों की समुचित व्यवस्था के लिए डॉ मनोज कुमार सिंह एवं डॉ अखिलेश चंद्रभान सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो पूर्ण मनोयोग श्रद्धा व समर्पण से श्रद्धालुओं की सेवा हेतु प्रतिबद्ध है। इन चिकित्सालयों के अतिरिक्त चिकित्साधिकारियों की टीम जन मानस में आयुष जागरुकता हेतु तथा आयुष विधा से उपचार हेतु, बडे आध्यामिक पण्डालों में चिकित्सा कैम्प का भी आयोजन करेगी। आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नेशनल आयुष मिशन तथा आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में, आयुष विधा के प्रचार-प्रसार हेतु, नेशनल मेडिसिनल प्लान्ट बोर्ड, इन चिकित्सलयों में विभिन्न औषधीय पौधों का प्रदर्शन व उनके औषधीय प्रयोग के बारे में जानकारी देगा कृषकों के साथ समन्वय स्थापित करके औषधीय पौधों की खेती तथा उनके विपणन की जानकारी प्रदान करेगा। स्वस्थ जीवन शैली में योग के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान नई दिल्ली की 05 सदस्यीय विशेषज्ञ (योग) टीम मेले में योग प्रदर्शन हेतु आयेगी जो मेले के प्रमुख सांस्कृतिक व धार्मिक पण्डालों में योग प्रदर्शन के साथ-साथ आयुष चिकित्सालयों में भी योग प्रदर्शन करेगी।

# कैग रिपोर्ट: नई शराब नीति से दिल्ली सरकार के खजाने को 2,026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ

**नई दिल्ली** । दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने विवादित आबकारी नीति बनाते समय नियम-कायदों को नजरअंदाज कर दिया, जिससे सरकारी खजाने को 2,026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। यह खुलासा शनिवार को सार्वजनिक हुई कैग (सीएजी) की रिपोर्ट में हुआ।

यह रिपोर्ट दिल्ली में 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले आई है। इसमें बड़े घोटालों का खुलासा हुआ है, जैसे - कीमत तय करने में पारदर्शिता की कमी, लाइसेंस जारी और नवीनीकरण में नियमों का उल्लंघन, गड़बड़ियां करने वालों को दंडित न करना, और उपराज्यपाल, कैबिनेट या विधानसभा से मंजूरी न लेना। लाइसेंस देने से पहले कंपनियों की वित्तीय स्थिति को जांचा नहीं गया। यहां तक कि घाटे में चल रही कंपनी को भी लाइसेंस दे दिया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने जो रिटेल शराब लाइसेंस छोड़े गए थे, उनके लिए फिर से टेंडर नहीं निकाला, जिससे खजाने को लगभग 890 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके अलावा, जोनल लाइसेंसधारियों को दी गई छूट से 941 करोड़ रुपये का और नुकसान हुआ।

इसके अलावा, कोविड प्रतिबंधों के आधार पर जोनल लाइसेंसधारकों को 144 करोड़



रुपये की लाइसेंस शुल्क छूट दी गई, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को राजस्व की हानि हुई। जबकि अनुबंध में ऐसा प्रावधान नहीं था। वहीं, सुरक्षा जमा राशि को सही तरीके से नहीं वसूला गया जिससे 27 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ।

कैग ने यह भी कहा कि मंत्रियों के समूह, जिसकी अगुवाई मनीष सिसोदिया कर रहे थे, ने विशेषज्ञ पैनल की सिफारिशों को नजरअंदाज किया और अयोग्य कंपनियों को लाइसेंस के लिए बोली लगाने की अनुमति दी। विशेषज्ञों की सलाह पर ध्यान नहीं दिया गया, जबकि नीति बनाने में यह जरूरी था। आम आदमी पार्टी (आप) ने इस रिपोर्ट को फर्जी बताया है, लेकिन इसमें कहा गया है कि नीति लागू करने में कई खामियां थीं। कुछ रिटेलर पूरे नीति अवधि तक लाइसेंस रखते रहे, जबकि कुछ ने पहले ही अपने लाइसेंस वापस कर दिए। कुल मिलाकर नीति को सही तरीके से लागू नहीं किया गया, जिससे इसके उद्देश्यों को हासिल नहीं किया जा सका।

इन अनियमितताओं के कारण केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य अधिकारियों पर मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के मामले दर्ज किए गए हैं। यह मुद्दा चुनावी माहौल में राजनीतिक गर्मी बढ़ाने वाला है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। मौजूदा विधानसभा में आप के 62 और भाजपा के 8 विधायक हैं।

## विधायक महेंद्र गोयल को पुलिस ने भेजा नोटिस, अवैध बांग्लादेशियों के सिंडिकेट का मामला



**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस ने आप पार्टी विधायक महेंद्र गोयल को नोटिस जारी किया है। उन्हें आज यानी शनिवार को ही पूछताछ के लिए बुलाया है। मौजूदा मोहिंदर गोयल रिठाला से विधायक हैं। आप पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने उन्हें इस बार के विधानसभा चुनावों में भी रिठाला से प्रत्याशी बनाया है।

आपको बता दें कि बांग्लादेशी घुसपैठियों से जो दस्तावेज बरामद हुए हैं, उनमें गोयल के हस्ताक्षर और मुहर मिली है। बंगलादेशियों को फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले एजेंट से पूछताछ में पदार्फाश हुआ है। बांग्लादेशियों के फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में रिठाला विधायक की भूमिक सामने आई है। एजेंट के पास से जब्त दस्तावेजों में मोहिंदर गोयल के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज बरामद हुए हैं। इतना ही नहीं विधायक का स्टाफ भी जांच के दायरे में आ गया है। पुलिस ने आप विधायक को शाम साढ़े पांच बजे पूछताछ के लिए बुलाया है। दिल्ली पुलिस अवैध बंगलादेशियो को बसाने के मामले में जांच कर रही है।

## सीलमपुर में बदमाशों ने नाबालिग को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस



**नई दिल्ली**। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में अज्ञात बदमाशों ने बीती रात एक नाबालिग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि बदमाशों ने मृतक नाबालिग से पैसे मांगे थे, पैसे नहीं मिलने पर बदमाशों ने नाबालिग को गोली मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक यह नाबालिग लड़का अपने परिवारीजनों के साथ सीलमपुर के बी ब्लॉक में रहता है। शुक्रवार रात करीब सढ़े 11 बजे खाना खाने के बाद घर के बाहर गली में टहल रहा था, उसी दौरान कुछ लड़के वहां पहुंचे और उन्होंने गली में अंधाधुंध फायरिंग करदी उसी दौरान उसे गोली लग गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को शास्त्री पार्क के जग प्रवेश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे दिलशाद गार्डन के जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि मौके पर क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया, इस मामले में पुलिस का कहना है कि हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपितों की पहचान करने में जुटी हुई है।पीड़ित परिवार ने इस घटना में कुख्यात बदमाश छेनू के परिवार वालों पर आरोप लगाया है।

## बुराड़ी में आप पार्टी को लगा तगड़ा झटका, आप के कई नेता कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल



**नई दिल्ली**। राजधानी दिल्ली के बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी को बड़ा तगड़ा झटका लगा है।दरअसल आम आदमी पार्टी के संजीव झा की नीतियों से परेशान होकर आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का दामन थाम लिया है।

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारुकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

## अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के सीएम चेहरे को सार्वजनिक मंच पर डिबेट के लिए किया आमंत्रित

**नई दिल्ली** । दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने यह कहा है कि सूत्रों से जानकारी मिली है कि भाजपा दिल्ली के सीएम के लिए रमेश बिधूड़ी के नाम पर मोहर लगा रही है। उन्होंने कहा कि रमेश बिधूड़ी को जनता के बीच सार्वजनिक मंच पर अपने साथ डिबेट के लिए आमंत्रित किया है और कहा है कि वह आकर अपना विजन और अपने 10 सालों के काम जनता को बताएं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली चुनाव लगभग नजदीक आ गए हैं और चुनाव में सब लोग जानना चाहते हैं किस पार्टी का कौन सीएम उम्मीदवार है। आम आदमी पार्टी की तरफ से शुरू से ही यह जगजाहिर था, पूरी पार्टी ने निर्णय लिया था और मेरे नाम के



ऊपर सहमति थी कि अरविंद केजरीवाल सीएम उम्मीदवार होंगे। भारतीय जनता पार्टी का पता नहीं चल रहा था। कल उनकी सीईसी की मीटिंग हुई है (सेंट्रल इलेक्शन कमेटी) और सूत्रों से पता चला है कि उस मीटिंग में भारतीय जनता पार्टी ने शायद निर्णय लिया है कि रमेश बिधूड़ी भारतीय जनता पार्टी के सीएम उम्मीदवार होंगे।

केजरीवाल ने कहा कि सूत्रों के मुताबिक ऐसा बताया जा रहा है कि एक-दो दिन में औपचारिक रूप से रमेश बिधूड़ी के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा।

मैं भारतीय जनता पार्टी के सीएम उम्मीदवार बनने के लिए तहे दिल से रमेश बिधूड़ी को बधाई देना चाहता हूं। मैं दिल्ली की जनता की ओर से मांग करता हूं कि रमेश बिधूड़ी बताएं कि उन्होंने 10 साल सांसद के तौर पर दिल्ली के लिए क्या-क्या काम किया। वह दिल्ली की जनता को बताएं कि उनका विजन क्या है। दिल्ली को लेकर वह और क्या-क्या काम करेंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा है जब उनके नाम का औपचारिक रूप से ऐलान हो जाएगा तो जनतंत्र को सुद्दढ़ करने के लिए मैं यह भी चाहूंगा कि नाम का ऐलान होने के एक दिन बाद दिल्ली और देश के लोगों के सामने, सारे मीडिया के सामने, आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के जो भी सीएम कैंडिडेट होंगे, उनके बीच में एक सार्वजनिक डिबेट होनी चाहिए। जिसमें जनता देख सके कि वोट किसको देना है।

इसने क्या काम किया, उसने क्या काम किया। इसका क्या विजन है उसका क्या विजन है। उन्होंने कहा कि हम इंतजार करेंगे। एक-दो दिन में शायद रमेश बिधूड़ी के नाम का औपचारिक ऐलान हो जाएगा। उसके बाद फिर हम आगे देखते हैं, क्या होता है।

## भानू का सीलमपुर डीसीपी ऑफिस पर धरना प्रदर्शन हुआ रद्द

**नई दिल्ली**। भारतीय किसान यूनियन भानू के द्वारा 11 जनवरी शनिवार को सीलमपुर डीसीपी ऑफिस पर भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह के साथ दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा व भाकियू भानू के तमाम पदाधिकारयों को एकत्रित होकर सीलमपुर डीसीपी ऑफिस का घेराव करना था,जिसे आज रद्द कर दिया गया।

दरअसल भाकियू भानू के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा को अराजनैतिक तत्वों द्वारा कई बार जान से मारने की धमकी मिल रही थी। जिसकी कई बार शिकायत थाना नंद नगरी डीसीपी ऑफिस के अलावा कमिश्नर



साहब को भी लिखित रूप में दी गई थी,लेकिन जितेंद्र शर्मा की किसी जगह कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसको देखते हुए आज भारी संख्या में दिल्ली के भाकियू भानू के कार्यकर्ता और खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह अपने दलवल के साथ जितेंद्र शर्मा के निवास स्थान पर पहुंचे।

थाना प्रभारी संतोष रावत और उनकी पुलिस टीम भी पहुंची हुई थी। भाकियू भानू के पदाधिकारी संजय राघव ने बताया कि थाना प्रभारी संतोष रावत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह को जितेंद्र शर्मा के लिए सुरक्षा देने का 17 जनवरी के बाद भरोसा जताया है। दरअसल दिल्ली में इलेक्शन होने की वजह से आचार संहिता लागू हो गई है,जिस कारण डीसीपी सीलमपुर आशीष मिश्रा के आदेश अनुसार थाना प्रभारी ने 18 जनवरी तक का समय मांगा है। इसके बाद जितेंद्र शर्मा को कांस्टेबल द्वारा सुरक्षा दे दी जाएगी। इस मौके पर एडवोकेट ठाकुर अरविंद पवार व डॉ.सुरेश मलकानी,गजेंद्र राघव,पुनीत मंडल के साथ अनेकों कार्यकताओं ने कहा कि डीसीपी आशीष मिश्रा व थाना प्रभारी संतोष रावत ने 18 जनवरी को सुरक्षा देने का वादा किया है। अगर डीसीपी महोदय जितेंद्र शर्मा को सुरक्षा मुहैया नहीं कराते हैं तो भाकियू भानू के किसान कार्यकर्ता दलवल के साथ दरी बिछाकर डीसीपी ऑफिस सीलमपुर पर अनिश्चितकालीन का धरना प्रदर्शन करेगें। ऐसे में धरना प्रदर्शन के दौरान किसी तरह की कोई घटना घटती है तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ डीसीपी सीलमपुर की होगी।

## डेंटिंग एप पर ठगी करने वाला गैंग गिरफ्तार

**नई दिल्ली,(मंजीत मलिक)।** राजधानी दिल्ली डेटिंग ऐप पर दोस्ती कर मिलने के बहाने से बुलाकर बंधक बनाने वाले गैंग को पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने बताया कि बदमाश बंधक बनाकर वसूली करते थे, साथ ही गैंग का भंडाफोड़ करते हुए उत्तर पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार थाना पुलिस टीम ने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ़्तार किया है, पुलिस में गिरफ्तार आरोपी की पहचान अर्जुन, नितिन, आकाश, और फैजान के तौर पर हुई है, जबकि इनका पांचवा साथी नाबालिग है। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने उसका मोबाइल फोन ले लिया, साथ ही जबरदस्ती बैंक खाते का पासवर्ड पूछ कर 125000 अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। उसका मोबाइल भी छीन लिया। डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि



पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर्ष विहार थाने के एसएचओ ने एसआई नितिन कुमार, हेड कांस्टेबल आशीष, हेड कांस्टेबल अंकित और कांस्टेबल दीपक की टीम का गठन किया।

एक युवक ने अपनी शिकायत में कहा था कि पुरुषों के साथ डेटिंग के लिए डेटिंग एप पर वह सक्रिय है, साथ ही डेटिंग एप पर चैटिंग के दौरान उसे अंकित नाम का युवक मिला, साथ ही बातचीत के बाद उससे उसकी दोस्ती हो गई, अंकित ने उसे गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन बुलाया, जहां से उसे प्रताप नगर के एक घर में ले जाया गया, साथ ही कमरे में अंकित ने उसे कपड़े उतारने के बोला गया, जैसे ही उसने कपड़े उतारे चार और लड़के कमरे में घुस गए, लड़कों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया गया।

डीसीपी आशीष मिश्रा ने कहा कि इस टीम ने टेक्निकल सर्विलेंस और ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर एक नाबालिक सहित पांच आरोपियों को पकड़ लिया, साथ ही आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी अर्जुन, गाजियाबाद निवासी नितिन, दिल्ली के सबोली निवासी आकाश और फैजान के तौर पर हुई है।

पुलिस ने बताया कि अर्जुन और नितिन के खिलाफ पहले से लूटपाट का एक मामला दर्ज है, जबकि आकाश के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूटपाट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज है। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों के पास से पीड़ित का मोबाइल बरामद कर लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ कर इस बात का पता लगाया जा रहा है कि उन्होंने अब तक इस तरीके से कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 : दिल्ली कैंट में जारी रहेगा आप की कांग्रेस और भाजपा से मिल रही चुनौती

**नई दिल्ली** । दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) की नजर लगातार तीसरी बार सरकार बनाने पर है। आप ने दिल्ली की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। इस बार आप ने दिल्ली की महत्वपूर्ण सीटों में से एक दिल्ली कैंट पर अपने वर्तमान उम्मीदवार को टिकट दिया है, जिससे यहां मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। आइए जानते हैं दिल्ली कैंट के समीकरण के बारे में।

दिल्ली कैंट विधानसभा, नई दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आती है। साल 2013 से यहां आम आदमी पार्टी का कब्जा रहा है। हालांकि, एक समय ऐसा भी था, जब इस सीट को भाजपा का गढ़ भी कहा जाता था।

1993 से 2020 तक हुए विधानसभा चुनाव में आप ने तीन बार, भाजपा ने तीन बार और कांग्रेस ने केवल एक बार ही सीट पर जीत का परचम लहराया है। भाजपा ने 1993, 2003 और 2008 में जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस ने सिर्फ 1998 के विधानसभा चुनाव में यहां जीत हासिल की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत मंडपम में युवा बोलेंगे और पीएम मोदी उनके विचारों को सुनेंगे : मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली** । भारत मंडपम में 12 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' कार्यक्रम के तहत युवाओं के विचारों को सुनेंगे। इस कार्यक्रम में देश भर से करीब तीन हजार युवा हिस्सा लेने के लिए पहुंचे हैं।

केंद्र सरकार में युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को आईएएनएस को बताया कि रविवार को युवा बोलेंगे और पीएम मोदी सुनेंगे। 12 तारीख को राष्ट्रीय युवा दिवस इस बार विकसित भारत युवा नेता संवाद के रूप में मनाया जा रहा है। पिछले दो दिनों से देश भर से प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए 3,000 युवा विभिन्न विषयों पर मंथन कर रहे हैं कि उनके सपनों का भारत कैसा होना चाहिए। वे इस बात पर विचार कर रहे हैं कि वे पीएम मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में कैसे योगदान दे सकते हैं, उनका विजन क्या है और अगले 25 साल में वे किस तरह के 'विकसित भारत' में रहना चाहते हैं। इसलिए, इस संदर्भ में युवा 10 वर्टिकल में अपने विचार पीएम मोदी के सामने रखेंगे, जो उन्हें सुनेंगे और बाद में उनके साथ संवाद करेंगे।"

युवा प्रधानमंत्री को बताएंगे कि वे 2047 में खेलों को किस रूप में देखते हैं और इसके लिए क्या रास्ता होना चाहिए। युवा इस दृष्टिकोण को भी तलाश रहे हैं। एक प्रमुख विषय यह है कि 'विकसित भारत' के निर्माण में युवाओं की भागीदारी कैसे सुनिश्चित की जाए। आज जो युवा 29 वर्ष से कम आयु के हैं, वे 2047 तक 50 वर्ष से अधिक आयु के हो जाएंगे। वे 'विकसित भारत' में कैसे रहेंगे, इस संबंध में विचार पीएम मोदी के सामने रखेंगे।

युवा मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि विकसित भारत में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि जब हम 2047 की बात करते हैं तो हम देख सकते हैं कि विकसित भारत का निर्माण युवाओं के माध्यम से ही होगा। आज के युवा विकसित भारत को लेकर बहुत उत्साहित हैं। वे विकसित भारत के लिए बहुत तैयारी, अपने विजन और विचारों के साथ आए हैं। मेरा मानना ??है कि उन्हें अपने विचारों को प्रदर्शित करने के लिए आदर्श मंच मिल गया है।

### कैग रिपोर्ट : नकली कागज दिखाकर आरोप लगाती है भाजपा - प्रियंका कक्कड़



**नई दिल्ली** । कैग रिपोर्ट को लेकर जिस तरह से भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) पर आरोप लगाया है, उसका जवाब देते हुए आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा है कि भाजपा झूठे कागज जो अपने दफ्तर में बनती है, उसी को दिखाकर आरोप लगाती है और फिर भाग जाती है।

प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि भाजपा के नेपोटिज्म के एक बड़े चेहरे ने एक प्रेस वार्ता की है। मुझे लगा शायद भाजपा सामने आएगी। वोटर एडिशन और वोटर डिलीट के मामले में सफाई देगी और बताएगी कि कैसे दिल्ली में नई दिल्ली विधानसभा में ही एक ही घर के पते पर कई-कई वोट ऐड करने की एप्लीकेशन डाली गई। मुझे लगा कि भाजपा बताएगी कि दिल्ली में उनकी पार्टी का एजेंडा क्या है? दिल्ली में भाजपा का सीएम चेहरा कौन है? पर भाजपा ने यह सब नहीं किया और वहीं पुराने आरोप लगाए।

प्रियंका ने आगे कहा, "आज कागज लहराकर कहा कि ये कैग की रिपोर्ट है। सवाल उठाता है कि कैग की रिपोर्ट जो न अब तक सीएम ने देखी, न एलजी ने देखी, न स्पीकर ने देखी, न सीएजी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसी कौन सी रिपोर्ट उनके पास आ गई। यह वही कागज है जो भाजपा अपने दफ्तर में बनाती है। यह वही कागज है जिनकी कोई मानता नहीं। भाजपा नकली कागज बनाती है और उन पर आरोप लगाकर भाग जाती है।"

प्रियंका ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ किसी तरह का कोई प्रमाण नहीं मिला। ऐसा पीएमएलए कोर्ट के ऑर्डर में लिखा हुआ है। इसके बाद ये आरोप इसलिए लगाए जा रहे हैं क्योंकि इस एजेंडा हीन, मुद्दाहीन, चेहरा हीन पार्टी के पास झूठ बोलने के अलावा कोई काम नहीं। भाजपा जब मुंह खोलती है तो झूठ बोलती है।

प्रियंका ने कहा कि अगर इनसे घाटे की बात करनी है तो आइए बात करते हैं कि कैसे गुजरात 4.50 लाख करोड़ के घाटे में गया, कैसे महाराष्ट्र 4.50 लाख करोड़ के घाटे में गया, कैसे मध्य प्रदेश 7.50 लाख करोड़ के घाटे में गया। कैग रिपोर्ट को लेकर बात करते हैं कि कैसे दिल्ली में जो द्वारका एक्सप्रेसवे भाजपा ने बनवाया था जो 7.50 करोड़ का बनाना था, उसकी लागत कैसे 7,500 करोड़ तक पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया कि कैग रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा आयुष्मान भारत के नाम पर अपनी जेब भर रही है। इन सब पर भाजपा चर्चा नहीं करेगी।

प्रियंका ने कहा कि भाजपा एक मुद्दाहीन पार्टी है। जो सिर्फ अरविंद केजरीवाल को गालियां देने का काम करती है। अरविंद केजरीवाल वह व्यक्ति है जिन्होंने देश के आगे दिल्ली मॉडल रखा। जिसके तहत आपको फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री महिलाओं को बस यात्रा, फ्री बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा, अनेकों इंफ्रास्ट्रक्चर वर्क के काम वर्ल्ड क्लास बेहतरीन हेल्थ और एजुकेशन फैसिलिटी मिली है और फिर भी एक मुनाफे का बजट दिया है। ऐसे व्यक्ति पर बार-बार आरोप लगाकर भाजपा भाग रही है। इनसे जवाब मांगा जाए कि अरविंद केजरीवाल की तरह सुविधा न देकर भी आपके सारे स्टेट घाटे में क्यों हैं।

### दिल्ली वालों पर आपदा बनकर टूटी है आम आदमी पार्टी: वीरेंद्र सचदेवा



**नई दिल्ली**। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद से ही भाजपा लगातार आम आदमी पार्टी (आप) पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सवाल उठा रही है। दिल्ली भाजपा के नेताओं ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इस दौरान उन्होंने दिल्ली से आप सरकार को उखाड़ फेंकने की बात कही।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, "आज पूरी दिल्ली में एक ही चर्चा है कि दिल्ली में भाजपा सरकार चाहिए। बहाने नहीं बदलाव चाहिए, दिल्ली में भाजपा सरकार चाहिए। दिल्ली से आपदा सरकार को हटाना है, क्योंकि यह सरकार दिल्ली वालों पर आपदा बनकर भ्रष्टाचार के रूप में टूट पड़ी है। इस आपदा सरकार ने दिल्ली को झूठे जाल में फंसाया और ईमानदार जनता को टोपी पहनाई। इस सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार के शीश महल खड़े करने का काम किया। इसलिए आपदा सरकार को हटाना है और भाजपा सरकार बनाना है।"

वीरेंद्र सचदेवा ने आगे कहा, "अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी पागल हो गई है और यह बात सभी जानते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स आई है और इसमें बताया गया कि दो हजार करोड़ का घोटाला हुआ है।

शीश महल में जो दो हजार लगाया गया है, वह सिर्फ बानगी है। केजरीवाल अगर इस रिपोर्ट को गलत बता रहे हैं तो मैं उनसे यही कहूंगा कि वह कल ही विधानसभा का सत्र बुला लें।"

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने भाजपा के कैंपेन सॉन्ग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, "मैं दिल्ली की जनता से यही प्रार्थना करूंगा कि वह एक बार भाजपा का गीत सुनें, ताकि वह दिल्ली की बदहाली को जान पाएं।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी